

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 9 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-132 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कांग्रेस में हूं या नहीं,मैं दुविधा में हूं : नेताम

**रायपुर,9 अगस्त।** कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने के कयास के बीच आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने कहा कि कांग्रेस में हूं या नहीं, यह मेरे लिए दुविधा है. आज पार्टी में प्रदेश के नेता की इच्छा हुई तो रहेगा, नहीं तो नहीं रहेगा. अरविंद नेताम में मीडिया से चर्चा में कहा कि राजनीति का नियम हैं कि दो पार्टी में रहकर चुनाव प्रचार नहीं कर सकते. मैं प्रक्रिया का इंतजार कर रहा है. चुनाव लड़ना है तो कांग्रेस पार्टी छोड़ना ही पड़ेगा. उन्होंने कहा कि पार्टी ने नोटिस दिया था, मैंने जवाब दे दिया. फैसला पार्टी को करना चाहिए. कांग्रेस से निकाल दें या फिर रख लें. इसके साथ ही उन्होंने मीडियाकर्मियों से गुजारिश कर डाली कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पूछ के बता दे कि मैं पार्टी में हूं या नहीं. आदिवासी दिवस पर अरविंद नेताम ने कहा कि हम इस दिवस में समीक्षा करेंगे. समाज के तरफ से समीक्षा होगी. अधिकांश देशों में आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है. हम मजबूर होकर चुनाव मैदान में उतर रहे हैं.

### मुकेश अंबानी ने बेचा न्यूयॉर्क का लग्जरी फ्लैट

**नई दिल्ली , 9 अगस्त ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं और वह दुनिया की सबसे महंगी आवासीय इमारत मुंबई स्थित एंटीलिया में रहते हैं, जिसकी कीमत 15,000 करोड़ रुपये से अधिक है। मुकेश अंबानी ने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में अपना एक आलीशान फ्लैट 74.53 करोड़ रुपये (9 मिलियन डॉलर) में बेचा है। बता दें, चौथी मंजिल का यह फ्लैट 2,406 वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें दो बेडरूम हैं, तीन बाथरूम, एक शेफ किचन, 10 फुट ऊंची छत, हेरिंगबोन हार्डवुड फ्लोर और न्वाइज प्रूफ विंडो हैं। न्यूयॉक के इस बिल्डिंग में अंबानी के पड़ोसियों में हिलेरी स्वैंक और मार्क जैकब्स शामिल थे। वहीं, यहां से हडसन नदी का शानदार व्यू भी मिलता है। सुपीरियर इंक के नाम की यह इमारत 17 मंजिला है। यह मूल रूप से सुपीरियर इंक फैक्ट्री के रूप में कार्य करती थी। इसकी शुरुआत साल 1919 में हुई थी। साल 2009 में रॉबर्ट एएम स्टर्न आर्किटेक्ट्स और याबू पुशेलबर्ग द्वारा इमारत में कुछ जरूरी बदलाव किए गए।

बता दें कि मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित घर एंटीलिया को दुनिया के सबसे महंगी इमारतों में गिना जाता है। कुल 4,532 वर्ग मीटर में फैली यह इमारत कुल 27 मंजिला है। इस घर में दुनिया की तमाम सुविधाओं की चीजें मौजूद हैं।

### मध्यप्रदेश में नरसिंहपुर का फर्जी कलेक्टर पुलिस की गिरफ्त में आया

**जबलपुर , 9 अगस्त ।** मध्य प्रदेश की जबलपुर पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को पकडा है, जिसने खुद को नरसिंहपुर का कलेक्टर होने का दावा किया, साथ ही सोशल मीडिया पर तस्वीर भी जारी कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़े गए व्यक्ति का नाम राहुल गिरि है और वह खुद को आईएएस बताता था। साथ ही, उसने नरसिंहपुर का कलेक्टर होने का दावा करते हुए एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें वह एक कुर्सी पर बैठा है और पीछे नरसिंहपुर कलेक्टर लिखा हुआ है।पुलिस ने राहुल गिरि को तिलवारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है और उसके मोबाइल फोन से कई ऐसी तस्वीरें बरामद की गई हैं जो उसने एडिट करके तैयार की थी। गोंदिया निवासी राहुल जबलपुर में एक किराए के मकान में रहता है।

# रावण की तरह सिर्फ दो लोगों की सुनते हैं मोदी भी

- बीजेपी ने की भारत मां की हत्या
- राहुल गांधी के बयानों पर सदन में हंगामा



नई दिल्ली,9 अगस्त। सांसदी बहाल होने के बाद पहली बार लोकसभा में बोलते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर तीखा हमला बोला। सराकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए राहुल ने कहा कि रावण भी दो लोगों की सुनता था कुंभकर्ण और मेघनाद की, मोदी भी दो लोगों की सुनते हैं अमित शाह और अडानी की। उन्होंने कहा कि लंका को हनुमान ने नहीं जलाया बल्कि रावण के अहंकार ने जलाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी ने मणिपुर में देश की हत्या की है और आप लोग देशद्रोही हो। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए राहुल ने कहा कि इन लोगों ने मेरी भारत मां की हत्या की है। आप पूरे देश में केरोसीन भेज रहे हो, मणिपुर में केरोसीन भेजी, चिंगारी से आग लगा दी और अब हरियाणा में कर रहे हो... पूरे देश में आग लगाना चाहते हो। राहुल की इस बात पर बीजेपी सांसदों ने उनसे माफी मांगने को कहा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को टोका। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सदन में जो बातें कही हैं, बहुत ही गंभीर बात की है। मैं उनसे एक सवाल पूछना चाहता हूं कि 7 दशक से ज्यादा शासन कांग्रेस पार्टी का रहा है और राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

**अडानी के जिक्र के साथ शुरू किया भाषण**-अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल ने अपने भाषण की शुरुआत सूफी संत जलालुद्दीन रूमी के संदेश से की। उन्होंने गौतम अडानी को लेकर सरकार पर तंज कसा और कहा, अध्यक्ष महोदय, मुझे लोकसभा में बहाल करने के लिए आपका धन्यवाद। जब मैंने आखिरी बार यहां बात की थी तो शायद मैंने आपको ठेस पहुंचाई थी। मैं आपसे माफी मांगना चाहता हूं। मैंने पिछली बार अडानी के मुद्दे पर जोर से बोला था। उससे आपके सीनियर नेता को कष्ट हुआ। आपको भी तकलीफ हुई। आज मैं अडानी पर नहीं बोलने जा रहा, आप आराम कर सकते हैं और शांत रह सकते हैं। राहुल ने कहा कि रूमी कहते हैं कि जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। इसलिए मैं दिमाग से नहीं, दिल से बोलना चाह रहा हूँ और मैं आज आप लोगों पर उतना आक्रमण नहीं करने जा रहा हूं। एक-दो गोले जरूर मारूंगा, पर उतना नहीं मारूंग।

**हिन्दुस्तान में अहंकार नहीं चलता**-भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा, यात्रा के दौरान बहुत से लोगों ने मेरे से पूछा कि आप कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा क्यों कर रहे हो, शुरू में मुझे भी जवाब मालूम नहीं था। लेकिन, थोड़े दिनों में मुझे बात समझ में आने लगी। सालों से मैं 8-10 किलोमीटर दौड़ता हूं तो मुझे लगा कि दिन में 25 किलोमीटर चलना मेरे लिए कोई मुश्किल नहीं है। ये मेरे अंदर अहंकार था, लेकिन भारत अहंकार को तुरंत मिटा देता है। पहले दो-तीन दिनों में ही घुटने के दर्द से मेरा अहंकार खत्म हो गया। जो हिन्दुस्तान को अहंकार से देखने निकला था, उसे रोज लगने लगा कि मैं कल चल पाऊंगा कि नहीं। जब भी ये दर्द बढ़ता था कोई न कोई शक्ति मेरी मदद करती थी।

**किसान और महिलाओं का दर्द बयां किया**-उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात 7-8 बजे तक लोग मिलते थे। एक दिन मेरे पास एक किसान आया, उसके हाथ में रूई थी। उसने मुझे रूई का बंडल दिया और मेरी आंखों में देखकर उसने कहा कि मेरे खेत का यही बचा है और कुछ नहीं बचा। मैंने उससे पूछा कि क्या आपको बीमा का पैसा मिला, तो उस किसान ने मेरा हाथ पकड़कर कहा कि राहुल जी मुझे बीमा का पैसा नहीं मिला, देश के बड़े उद्योगपतियों ने हमसे छीन लिया। उसका दर्द मेरे सीने में उतर गया। इसके बाद राहुल गांधी ने अपने मणिपुर में दंगा प्रभावित इलाकों के दौरे के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं मणिपुर राहत शिवर पहुंता तो वहां महिलाओं और बच्चों से बात की, जो हमारे प्रधानमंत्री ने आज तक नहीं की। मैंने बहुत सारी महिलाओं से बात की पर मैं दो उदाहरण आपको देता हूँ। एक महिला ने बताया कि एक ही बच्चा था मेरा और उसको मेरी आँखों के सामने गोली मार दी। मैं पूरी रात उसकी लाश के साथ लेटी रही और मुझे डर लगा तो मैंने अपना घर और जो कुछ भी था सब छोड़ दिया। दूसरे कैंप में मैंने एक अन्य महिला से जैसे ही मैंने पूछा कि तुम्हारे साथ क्या हुआ तो वो कांपने लगी और बेहोश हो गई। मैंने सिर्फ आपको दो उदाहरण दिए हैं। इनकी राजनीति ने मणिपुर में हिन्दुस्तान की हत्या की है।

### स्पीकर ने राहुल को टोका

तीखे तेवरों के साथ राहुल ने कहा, आप देशद्रोही हैं, आप देशप्रेमी नहीं हैं....इसलिए आपके प्रधानमंत्री मणिपुर नहीं जा रहे। इन्होंने मणिपुर में हिंदुस्तान को मार दिया है। आप भारत माता के रखवाले नहीं हो, आप भारत माता के हत्यारे हो। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत माता के बारे में कोई भी ऐसा शब्द नहीं बोला जाना चाहिए जो उचित नहीं हो। इसके जवाब में राहुल ने कहा, भारत माता मेरी भी माता हैं। मेरी एक माता (सोनिया गांधी) यहां बैठी हुई हैं और दूसरी भारत माता हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि आज की सच्चाई है कि मणिपुर को आपने बांट दिया है, तोड़ दिया है।

### राहुल गांधी की दरियादिली

9 अगस्त 2023 कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद मानूसन सत्र में शामिल होने के लिए अपने दिल्ली सरकारी आवास 10 जनपथ से निकले थे. उनका काफिला आवास से निकला ही था कि सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त एक स्कूटर सवार को देखने के बाद उन्होंने दरियादिली दिखाते हुए उसकी मदद के लिए उसके पास गए. राहुल गांधी का इस दरियादिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वीडियो में देखा जा सकता है राहुल गांधी अपनी कार से उतरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त स्कूटर सवार के पास पहुंचे और उससे बात करने के बाद फिर अपनी कार में सवार हुए और सदन में शामिल होने के लिए निकले.

# सीएम ने बस्तर को दी करोड़ों की सौगात

**जगदलपुर,9 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में विश्व आदिवासी दिवस पर जिलेवासियों को 637 करोड़ रुपए से अधिक के लागत के 2300 विकास कार्यों की सौगात दी. इनमें 486 करोड़ 70 लाख 76 हजार रुपये लागत के 1838 कार्यों का भूमिपूजन और 150 करोड़ 32 लाख रुपए लागत के 462 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं.

इन कार्यों में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 32 करोड़ 89 लाख रुपये लागत के 198 कार्यों, नगर निगम जगदलपुर के 10 करोड़ 27 लाख 68 हजार रूपए लागत के 113 कार्यों, लोक निर्माण संभाग जगदलपुर-1 के 12 करोड़ 48 लाख 27 हजार रूपए लागत के 18 कार्यों, लोक निर्माण संभाग जगदलपुर -2 के 30 करोड़ 80 लाख 90 हजार रूपए लागत के 14 कार्यों, जनपद पंचायत बकावण्ड के 1 करोड़ 79 लाख 50 हजार रूपए लागत के 49 कार्यों, जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा के 1 करोड़ 99 लाख 76 हजार रूपए लागत के 34 कार्यों, जनपद पंचायत दरभा के 61 लाख 95 हजार रूपए लागत के 14 कार्यों, जनपद पंचायत जगदलपुर के 61 लाख 96 हजार रूपए लागत के 14 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है. इसके अलावा जनपद पंचायत तोकापाल के 1 करोड़ 3 लाख 80 हजार रूपए लागत के 17 कार्यों, जनपद पंचायत बास्तानार के 1 करोड़ 18 लाख 27 हजार रूपए लागत के 20 कार्यों, जनपद पंचायत बस्तर के 2 करोड़ 47 लाख 36 हजार रूपए लागत के 56 कार्यों, जल जीवन मिशन के 220 करोड़ 78 लाख 84 हजार रूपए लागत के 150 कार्यों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 1 करोड़ 94 लाख 10 हजार रूपए लागत के 120 कार्यों, जिला मिशन समन्वयक-समग्र शिक्षा के 5 करोड़ 23 लाख लागत के 291 कार्यों, उप संचालक उद्यानिकी के 5 करोड़ 66 लाख 72 हजार रूपए लागत के 10 कार्यों, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के 1 करोड़ 47 लाख 89 हजार रूपए लागत के 1 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 25 करोड़ 22 लाख रूपए लागत के 14 कार्यो, लोक निर्माण विद्युत एवं यांत्रिकी के 1 करोड़ 3 लाख रूपए लागत के 1 कार्य, आदिवासी विकास विभाग के 10 करोड़ 23 लाख 51 हजार रूपए लागत के 4 कार्यों, जल संसाधन विभाग के 14 करोड़ 84 लाख 61 हजार रूपए लागत के 6 कार्यों, नीति आयोग मद से 12 करोड़ 22 लाख 82 हजार रूपए लागत के 10 कार्यों, शिक्षा विभाग के 37 करोड़ 46 लाख 33 हजार रूपए लागत के 490 कार्यों, क्रेडा विभाग के 29 करोड़ 83 लाख रूपए लागत के 190 कार्यों और मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत 24 करोड़ 56 लाख 29 हजार रूपए लागत के 4 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं. मुख्यमंत्री बघेल ने यहां लोक निर्माण संभाग जगदलपुर-1 के 64 करोड़ 71 लाख 11 हजार रूपए लागत के 20 कार्यों, सीजीएमएसई के 1 करोड़ 67 लाख 60 हजार रूपए लागत के 8 कार्यों, लोक निर्माण संभाग जगदलपुर-2 के 9 करोड़ 44 लाख रूपए लागत के 4 कार्यों, जनपद पंचायत बकावण्ड के 5 करोड़ 6 लाख 84 हजार




# मणिपुर न खंडित था, न होगा : स्मृति

**नई दिल्ली,9 अगस्त।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एनडीए सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पहली बार किसी सांसद ने भारत माता की मृत्यु की बात कही और उनके गठबंधन के सदस्यों ने तालियां बजाईं। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने कहा कि उनकी मां की मणिपुर में हत्या कर दी गई है और एनडीए सरकार ने मणिपुर को विभाजित कर दिया है। स्मृति ईरानी ने कहा, ÷आप इंडिया नहीं हैं क्योंकि भारत भ्रष्ट नहीं है। भारत वंशवाद में नहीं योग्यता में विश्वास करता है और आज आप जैसे लोगों को यह याद रखने की जरूरत है कि अंग्रेजों से क्या कहा गया था - क्विट इंडिया। भ्रष्टाचार क्विट इंडिया, वंशवाद क्विट इंडिया। योग्यता को अब भारत में जगह मिलेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मणिपुर न खंडित था, न होगा।



स्मृति ईरानी ने अपना हमला जारी रखते हुए 90 के दौर के कश्मीर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में एक कश्मीरी पंडित - गिरिजा टिक्कू - के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। जब इसे एक फिल्म में दिखाया गया तो कुछ कांग्रेसी नेताओं ने इसे प्रोपेगेंडा बताया। वही पार्टी के नेता आज न्याय की बात कर रहे हैं। स्मृति ईरानी ने संसद में कहा, ÷राजस्थान में महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे हैं। भीलवाड़ा इसका ताजा उदाहरण है। लड़की के साथ बलात्कार किया गया, उसके शरीर को काट दिया गया और कुछ हिस्सों को भट्टी में फेंक दिया गया। ये सब हुआ एक 14 साल की लड़की के साथ। पश्चिम बंगाल में भी महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। लेकिन उस पर कुछ नहीं कहा गया।

स्मृति ईरानी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों और कश्मीर में अशांति के मुद्दे उठाए जब देश में कांग्रेस का शासन था। उन्होंने कहा,÷आज सदन में कहा गया कि उन्होंने (राहुल गांधी) यात्रा की और आश्वासन दिया कि अगर उनका बस चले तो वे अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करेंगे...जो व्यक्ति सदन से भाग गया है, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि कोई भी ऐसा नहीं करेगा देश में धारा 370 बहाल होगी और न ही कश्मीरी पंडितों को रालिब गालिब चलीब से धमकाने वालों को बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार कहा कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है। विपक्ष इससे भाग गया, हम नहीं।

# मोदी-शाह जितना भी दौरा कर लें, कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा : सैलजा

**रायपुर,9 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जितना भी दौरा करें, उससे कांग्रेस को कोई असर नहीं पड़ेगा. पिछले 5 साल में हमारी सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ का विकास किया है, हर समुदाय का विकास किया है. हमें अपने काम पर विश्वास है, हमें अपने नेतृत्व पर विश्वास है.

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा बुधवार सुबह रायपुर पहुंची. इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री को हर राज्य को अपना राज्य समझना चाहिए, चाहे वहां किसी भी पार्टी की सरकार हो. प्रधानमंत्री कॉपरेटिव फेडरेलिज्म की बात करते थे, उसे कहीं पीछे ढकेल दिया गया है. चुनाव आ रहा है, तो बार-बार प्रधानमंत्री यहां आ



रहे हैं. केंद्र सरकार से जो भेदभाव होता रहा है, यहां की जनता समझ गई है. विश्व आदिवासी दिवस की उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा जनसंख्या आदिवासियों की है. वहीं इस अवसर पर होने वाले आयोजन की आलोचन पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की आदत है. जो भी अच्छा कार्य होता है, उसे हमेशा नीचे दिखाने का काम करते हैं. हमारे आदिवासियों की संस्कृति को नीचा दिखाने का प्रयास बीजेपी ना करें तो अच्छा होगा. भाजपा अपने आप को मानसिक रूप से इसमें शामिल करें.

### हिंसाग्रस्त नूंह जिले में अब 11 अगस्त तक बंद रहेंगी इंटरनेट सेवाएं

**नूंह , 9 अगस्त।** हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में साम्प्रदायिक तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद करने की अवधि को 11 अगस्त रात 12 बजे तक बढ़ा दिया है। इस दौरान जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं (2जी, 3जी, 4जी, 5जी, सीडीएमए, जीपीआरएस), सभी एसएमएस सेवाओं (केवल बल्क एसआरवीएमएस और बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और सभी डोंगल सेवाओं को बंद करने का आदेश दिया गया है। केवल वॉयस कॉल चालू रहेंगी।

इस संबंध में गृह विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।



**रायपुर। विश्व आदिवासी दिवस पर आज राजधानी की सड़कों पर प्रदेश भर से आए आदिवासियों ने रैली निकाली।**

# चंद्रयान 3 : इंजन फेल होने पर भी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा विक्रम

**बेंगलुरु , 9 अगस्त।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम 23 अगस्त को इंजन फेल होने की स्थिति में भी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। एनजीओ दिशा भारत द्वारा आयोजित चंद्रयान -3 ¬ भारत का गौरव अंतरिक्ष मिशन पर एक बातचीत में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि भले ही सभी सेंसर और दो इंजन काम करने में विफल हो जाएं, फिर भी सॉफ्ट लैंडिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसरो टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षैतिज विक्रम को चंद्रमा की सतह पर लंबवत रूप से उतारना है।सोमनाथ ने कहा कि एक बार जब लैंडर ऑर्बिटर से अलग हो जाएगा, तो यह क्षैतिज रूप से चलेगा। कई युद्धाभ्यासों के बाद चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए विक्रम को ऊर्ध्वाधर स्थिति में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में स्थानांतरित करने की क्षमता वह चाल है, जिसे खेला जाना है। पिछली बार केवल यहीं हमें समस्याएं थीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि इसरो चंद्रयान-2 प्रयास के दौरान चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर को सुरक्षित रूप से उतारने में विफल रहा था। उन्होंने कहा कि लैंडर 'विक्रम' का डिज़ाइन यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि यह विफलताओं को संभाल सके।

उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ विफल हो जाता है, सभी सेंसर काम करना बंद कर देते हैं और कुछ भी काम नहीं करता है, तब भी लैंडर विक्रम सॉफ्ट-लैंडिंग करेगा, बशर्ते प्रणोदन प्रणाली अच्छी तरह से काम करे। मिशन चंद्रयान-3 14 जुलाई को शुरू हुआ और अंतरिक्ष में विस्फोट के बाद यह 5 अगस्त को चंद्र कक्षा में प्रवेश कर गया। 9, 14 और 16 अगस्त को तीन और डी-ऑर्बिटिंग युद्धाभ्यास होंगे, जब तक कि चंद्रमा से इसकी कक्षा 100 किमी × 100 किमी तक कम नहीं हो जाती।.

## एक नजर

### लकड़ी सहित वाहन बेच दिया, जुर्म दर्ज

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई कुम्हारी से लकड़ी लोडकर गुंडरदेही के लिए निकले एक चालक ने रास्ते में ही कहीं गाड़ी और लकड़ी को खपा दिया निर्धारित समय पर गाड़ी के गुंडरदेही न पहुंचने पर टिंबर व्यवसायी ने उसे फोन किया तो मोबाइल बंद मिला उसके बारे में पतासाजी %की तो कोई जानकारी नहीं मिली इसके बाद उसने कुम्हारी थाने में शिकायत की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड-11 कैलाश नगर कुम्हारी निवासी नंदलाल पटेल की शिकायत पर भटगांव जेवरा सिरसा निवासी आरोपित चेतन मारकंडेय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है शिकायतकर्ता की कुम्हारी में सत्यनारायण टिंबर कंपनी है आरोपित चेतन मारकंडेय 26 जुलाई को पीड़ित के पास पहुंचा था और ड्राइवर की नौकरी मांगी थी शिकायतकर्ता को भी ड्राइवर की जरूरत थी इसलिए 10 दिन पूर्व मेटाडोर में लकड़ी लेकर गुंडरदेही के लिए निकला था भटगांव जेवरा सिरसा के आरोपित चेतन मारकंडेय पर केस दर्ज उसने आरोपित को काम पर रख लिया शिकायतकर्ता ने 28 जुलाई को अपने मेटाडोर क्रमांक सीजी 07 सीए 9299 में लकड़ी लोड करवाकर चेतन को उसे गुंडरदेही में देवांगन टिंबर कंपनी तक पहुंचाने के लिए भेजा चेतन गाड़ी लेकर निकला, लेकिन वह गुंडरदेही नहीं पहुंचा शिकायतकर्ता ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो उसका फोन बंद मिला। इसके बाद शिकायतकर्ता अपने मुंशी राजू पटेल और कृष्णा को लेकर गाड़ी की खोजबीन करने के लिए गया। लेकिन उन्हें गाड़ी और आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली इसके बाद पीड़ित ने कुम्हारी थाने में घटना की शिकायत की गाड़ी और लकड़ी की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये आकी गई है।

### जबरन पैसा वसूली,5 किन्नर गिरफ्तार

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई शहर में स्वयं को किन्नर बताकर नकली किन्नरो द्वारा लोगों से जबरन पैसा मांग कर वसूली करने की शिकायत के बाद दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने पांच नकली किन्नर को पकड़कर गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम भटगांव चौकी जेवरा सिरसा निवासी मोहली गौरिया, सुमन गौरिया, जलकी गौरिया जलूज गौरिया, करिश्मा गौरिया स्वयं को किन्नर बताते हुए लोगों से जबरन पैसा वसूल रहे थे इसकी शिकायत लगातार मिल रही थी वास्तविक किन्नरों ने इसकी शिकायत पुलिस एवं महिला संगठनों से भी की थी इस पर पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर नजर रखी हुई थी पुलिस को जानकारी मिली कि जिला अस्पताल के पास कुछ नकली किन्नर जबरन लोगों से ताली बजाते हुए पैसा वसूल रहे हैं मौके पर पहुंची टीम ने पांचों को गिरफ्तार किया।

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगे पशुवध गृह

**भिलाई, 9 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मंगलवार को नगर पालिक निगम भिलाई के सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशुवध गृह बंद रखे जायेगें। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश जारी कर भिलाई निगम के सभी मांस बिक्री केन्द्र, पशुवध गृह, जीव हत्या को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को बंद रखने को कहा है।

### महिला ने घर में आत्महत्या की

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि रंजना जायसवाल 23 वर्ष आज अपने घर के कीचन रुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दी पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### शिरोमणि पुरस्कार से कर्मचारी सम्मानित

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। आरएसएम विभाग के सहायक प्रबंधक प्रकाश तिवारी को पाली षिरोमणि एवं मास्टर ऑपरेटर एस मुखोपाध्याय, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीशियन सुरेश कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर

# कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरोध में बीजेपी किसान मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अगस्त।** राज्य की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध भाजपा किसान मोर्चा ने आज जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। धरना प्रदर्शन पश्चात् भाजपा नेताओं जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी के नेतृत्व में अमानक व घटिया खाद बोरी के साथ शहर के भारत माता चौक से पैदल ही कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले जहां उनकी पुलिस वालों के साथ तगड़ी झड़प हुई व भाजपा के नेता बेरीकेड तोड़ने में कामयाब भी हो गये। पुलिस वालों के साथ भाजपा नेताओं की काफी देर तक झुमाझटकी होती रही। अंत में भाजपा नेताओं ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

इससे पूर्व धरना को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्याय योजना के नाम पर भूपेश बघेल सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है. उन्हें जबरदस्ती अमानक वर्मी कम्पोस्ट खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है । विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जिस घोषणापत्र के सहारे चुनाव जीता था उसकी घोषणाएं अब तक पूरी नहीं हुई हैं. मुख्यमंत्री जिस छत्तीसगढ़िया वाद की दुहाई देते हैं उसे कैसे पूरा करते हैं ये इसी से स्पष्ट है कि प्रदेश से राज्यसभा में भेजे गए तीनों सांसद



बाहरी हैं.पूरे प्रदेश में किसान कांग्रेस सरकार से त्रस्त है। पहले घटिया बारदाने देकर किसानों को परेशान किया अब घटिया व अमानक खाद दे रही है भूपेश सरकार। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि पांच सालो के शासन में भूपेश सरकार ने पूरे छ.ग. को अपराधगढ़ बना दिया है । छ.ग. में माफियाराज चल रहा है । केन्द्रीय मद की राशियों का बंदरबांट किया जा रहा है । भाजपा जिलाध्यक्ष ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गोठानों में गाय के बजाय कांग्रेसी नेताओं को पाला जा रहा है। भाजपा के गौठान निरीक्षण अभियान में किसी गोठान में गौमाता नही मिली। गौठान में काम करने वाली स्व सहायता समूहों को नुकसान पहूंचा कर कांग्रेसी नेताओं को फायदा पहूंचाया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्रकार ने कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा आरोप पत्र का वाचन किया.धरना प्रदर्शन को किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, , जिला महामंत्री संतोष पटेल, सोनपुरी के किसान गोपाल नाथ, भावना बोहरा, भरत शर्मा, जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, मनीराम साहू, सहित भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री जह्लू साहू ने किया । इस कार्यक्रम में बिशेषर पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, नितेश अग्रवाल, राजेंद्र चंद्रवंशी, बिरेंद्र साहू, बरसाती वर्मा, कैलाश चंद्रवंशी, जिला किसान मोर्चा प्रभारी मानस प्रताप सिंह, सासंद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, सविता ठाकुर, पन्ना चंद्रवंशी, सुनील दोषी, मधु तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी, ओमप्रकाश वर्मा, दिनेश मिश्रा, गणेश तिवारी, नरेंद्र मानिकपुरी , संजय मिश्रा, दिवाकर डडसेना, अंजु शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### फरार वारंटी को पकड़ा



**दुर्ग, 9 अगस्त।** 8 अगस्त रेसुब पोस्ट दुर्ग के पोस्ट प्रभारी श्री एस के सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक आर जी राय एवं प्रधान आरक्षक एन. के राजपूत द्वारा फरार वारंटी जो की वास्तविक पते पर नहीं रहता था, इधर-उधर भटकता रहता था , कड़ी मेहनत के पश्चात मुखबिर के सूचना के आधार पर बताए गए पते पर समय 08.45 बजे दबिश कर वारंटी रॉबिंसन मसीह को गिरफ्तार किया गया उसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट अपराध क्रमांक 894/18 सीआरसी नंबर 4356/ 18 धारा 174 सी रेल अधिनियम दर्ज था जिसे तथा अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## बीजेपी सिर्फ नौटंकी करने में माहिर है:रानू दुबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अगस्त।** शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष व कृषि उपज मंडी सदस्य रानू मनोज दुबे ने भाजपाइयो पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य की भूपेश बघेल सरकार और प्रदेश के केबिनेट मंत्री कवर्धा विधायक के उत्कृष्ट कामकाज ने भाजपा नेताओं की नींद उड़ा रखी है।

चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के नेता कभी धर्म का कार्ड खेलने लगते हैं, तो कभी बेसिर पैर की बातें उठाने लगते हैं। राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने अपनी पहली ही पारी में बेहतरीन परफॉरमेंस दिखाकर लोगों का दिल जीत लिया है।संख्या बल में भाजपा के सदस्यों की



विधानसभा में न के बराबर है, इसलिए भाजपा चाहकर भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बाल तक बांका नहीं कर पा रहे हैं। रानू मनोज दुबे ने कहा कि भाजपाई थक हार कर ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का सहारा लेकर प्रदेश की लोकप्रिय कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास करते आ रहे हैं। श्रीमति रानू मनोज दुबे ने कहा कि ठीक इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय विधायक मो अकबर अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए जी जान लगाकर काम कर रहे हैं। भाजपा के नेताओं को विकास पच नहीं रहा है। वे बेसिर पैर के आरोप लगाए जा रहे है, रानू मनोज दुबे ने कहा है कि भाजपा के लोग चाहे जितना भी सिर पीट लें वे कांग्रेस सरकार का एक पत्ता भी नहीं हिला पाएंगे। और इस बार छत्तीसगढ़ के साथ साथ केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार बनायेंगे, रानू मनोज दुबे ने कहा कि यहां की जनता अच्छे से जान चुकी है कि कांग्रेस ही उसका भला कर सकती है। भाजपा सिर्फ नौटंकी करने में माहिर है।

## समूह की महिलाओं ने नपा परिसर में बेचा अपना मसाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 9 अगस्त।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित ऐश्वर्या लक्ष्मी स्व सहायता समूह द्वारा मसाला निर्माण एवं बिक्री का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज ऐश्वर्य लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष उषा कौशल द्वारा नगर पालिका परिसर में अपने मसाला का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया जिसकी शगुन (बोहनी) श्री ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा किया गया। उन्होनें सभी मसाले एक एक किलो खरीदे



और उनकी तय कीमत भी समूह को दिया। अध्यक्ष ने बताया की अब जामुल शहर की महिलाएं केवल गृहणी नहीं रही। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सिद्धांत पर खुद से छोटे-छोटे उद्यम की स्थापना कर रही है और स्वयं और अपने परिवार का भरण पोषण भी कर रही है। पालिका अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह ठाकुर के साथ मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह, सामुदायिक संगठक श्रीमति सीमा गुप्ता, सी आर पी दुर्गा देवांगन आदि भी उपस्थित रहे।

## मां शारदा पब्लिक स्कूल के पास बनेगा डोमशेड



**भिलाई।** सेक्टर 9 स्थित मां शारदा पब्लिक स्कूल के पास एक भव्य सर्व सुविधा युक्त डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से डोमशेड बनाया जाएगा। इसके लिए विधायक श्री यादव ने शासन को प्रस्ताव भेज कर स्वीकृति करवा लिया है और अब जल्द ही इसका निर्माण शुरू किया जाएगा। निर्माण शुरू होने से पहले आज भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में ?भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सहित बीएसपी आफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर उपस्थित रहे। पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोचार करते हुए भूमिपूजन संपन्न करवाया। फिर मुख्य अतिथियों ने कुदाली चलाकर विकास की नींव खोदी। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को विकास कार्य की शुभकामनाएं दी। विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की मांग पर हम लगातार पूरे शहर में विकास कार्य करवा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सकें। मूलभूत सुविधाओं के अलावा अन्य जरूरी सुविधाएं सड़क, नाली, बिजली, पानी, गार्डन आदि का निर्माण करवा रहे हैं।

## राहगीरों को सड़क दुर्घटना से बचाने रिसाली निगम चला रहा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली।** सड़क पर बैठे मवेशियों से होने वाले दुर्घटना को रोकने नगर पालिक निगम रिसाली लगातार अभियान चला रही है। मंगलवार को निगम कर्मियों ने दस मवेशी पकड कर गौठान पहुचाया। खास बात यह है कि रोका छेका को लेकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा गंभीर है। उनके निर्देश के बाद रिसाली निगम लगातार सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने का कार्य कर रही है। मुख्य सड़कों से लेकर सार्वजनिक जगहों पर विचरण



कर रहे मवेशियों को पकड कर निगम के कर्मी गौठान पहुचा रहे है। मंगलवार को मरोदा, कृष्णा टॉकिज रोड से लगभग 10 मवेशियों को पकड कर काउ केचर से नेवई गौठान पहुचाया गया। इस मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि अभियान का नीरिक्षण स्वयं आयुक्त आशीष देवांगन कर रहे है। राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत निगम कर्मी मुख्य सड़कों का भ्रमण करते है। मवेशी मिलने पर पकड़ कर गौठान पहुंचाया जाता है। पहली अगस्त से मंगलवार तक कुल 83 मवेशियों को पकडा गया। उन्होंने बताया कि अभियान प्रति दिन चलेगा।

### खटाल संचालकों को चेतावनी

राजस्व विभाग व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को खटाल संचालकों की बैठक आहुत की। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि खटाल संचालक मवेशियों को खटाल से बाहर न छोड़े। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## रोका-छेका अभियान में आवारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा



**भिलाई, 9 अगस्त।** आवारा मवेशी जो अक्सर रात में झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच चौक-चौराहों पर बैठते हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। निगम का रोका छेका दस्ता पौ फटने से पहले सुबह 5 बजे आवारा मवेशियों को पकड़ने जुनवानी चौक पहुंचा और 36 गाय, बैल एवं सांड को पकड़कर गौठान में रखा गया है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता जुनवानी चैक, स्मृतिनगर क्षेत्र में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तो अवारा पशु नहीं पाए गए, किन्तु आस पास लोगों ने बताया कि सारे जानवर रात में एक जगह एकत्र होकर जुनवानी चैक में बैठे रहते है। जानकारी के बाद निगम के रोका छेका दस्ता मंगलवार की सुबह 5 बजे जुनवानी चौक पहुंचे और क्षेत्र से 36 अवारा मवेशी को पकड़कर गौठान में रखा गया। इसी प्रकार निगम की टीम ने डबरापारा, जीई रोड, पॉवर हाउस चौक, अंडरब्रिज, सेन्ट्रल एवेन्यू, सिविक सेंटर, गैरेज रोड, महाराणा प्रताप चौक, सेक्टर 07 एवं सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से सप्ताह के भीतर 211 मवेशी को पकड़कर काउ-कैचर के माध्यम से गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए दाना पानी एवं शेड की व्यवस्था किया गया है।

### खराब सड़क को लेकर बीजेपी कार्यकर्ता बैठे धरने पर, सीएसपी घायल



**भिलाई, 9 अगस्त।** खराब सड़क को लेकर बीजेपी के कुछ कार्यकर्ता नेहरू नगर गुरुद्वारे के पास सड़क बनाने धरने पर बैठ गए। इधर सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस बीच धरना प्रदर्शन-शांत कराने पुलिस अधिकारी सामने आए इसी बीच छावनी सीएसपी आशीष बंछोर के हाथ की उंगली में फैक्चर आया है। पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज करेगी।

### जूनियर ऑफिसर्स को ऑनलाइन यूनिकोड वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र मानव संसाधन विकास केन्द्र सभागार में जूनियर ऑफिसर्स 2022 बैच हेतु आयोजित इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत गूगल ऑनलाइन यूनिकोड वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर ऑफिसर्स 2022 बैच के अधिकारीगण को सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने वैश्विक स्तर पर हिंदी की व्यापकता एवं तकनीकी क्षेत्रों में भी हिंदी की स्वीकार्यता पर प्रकाश डालते हुए राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने हिंदी टायपिंग को आसान बनाने के लिए वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी को अत्यंत उपयोगी एवं सहायक बताते हुए गूगल ऑनलाइन यूनिकोड वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया एवं ऑनलाइन नोटशीट सिस्टम सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का सजीव प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को बताया गया कि, राजभाषा नीति के अनुसार सरल व आम बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करके कार्यालयीन कार्यों सहित तकनीकी क्षेत्रों के पत्राचार, टिप्पण लेखन एवं नोटशीट आदि को भी आसान बनाया जा सकता है।

### मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग में विगत दिनों पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार एवं वरिष्ठ प्रबंधक डी अजीत कुमार को अप्रैल से जून 2023 तिमाही के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। इसी क्रम में माह अप्रैल 2023 के लिए चार्जमेन कम मास्टर तकनीशियन भागीरथी मेहूरिया, मास्टर तकनीशियन नकुल प्रसाद सोनी, माह मई 2023 के लिए चार्जमेन कम मास्टर तकनीशियन गजेन्द्र कुमार शांडिल्य, मास्टर तकनीशियन सुदर्षन प्रसाद साहू एवं माह जून 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर महेष कुमार सोनवानी, मास्टर ऑपरेटर अजय कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी अनुभाग प्रमुख महाप्रबंधक जेवियर बेक, महाप्रबंधक एस के हरिरमानी, महाप्रबंधक श्रीमती अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक मोहिब्बुल हुसैन, महाप्रबंधक पी एस कोरेटी, महाप्रबंधक एस के नायक उपस्थित रहे।

## बीएसपी ने खेल प्रतिभाओं का किया सम्मान



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शालाओं के विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि ये सफलता कि प्रथम सीढ़ी है, खिलाड़ियों को आगे भी प्रयास करते हुए उच्चतम प्रतिमानों को हासिल करना है। मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले ने अपने उद्बोधन में विजेता खिलाडियों को हार्दिक बधाईयाँ प्रेषित कीं। महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत भाषण में अतिथियों के स्वागत के साथ खेल की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। राजेंद्र प्रसाद उपमहाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन किया । संचालन श्रीमती आर सिसिली छाया दिनकर एवं सुश्री महुवा चटर्जी ने किया ।

## महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर हुआ सड़कों का डामरीकरण



**भिलाई, 9 अगस्त।** शहर के यातायात को सुगम बनाने तथा नागरिकों के आवागमन आसान करने के लिए नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा शहर के अंदरूनी तथा मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले सड़को पर 9 करोड़ रूपये की राशि खर्च कर डामरीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने बैठक में निर्देश दिये थे कि प्राक्कलन तैयार विधिवत निविदा प्रक्रिया के बाद सड़को का डामरीकरण कर शहर के यातायात को और सुगम बनया जाये। इसी क्रम में निगम का लोक कर्म विभाग नेहरू नगर, के.पी.एस. चौक से सूर्या माल खम्हरिया, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व सुभाष चौक से दक्षिण गंगोत्री होते हुए सुपेला मुख्यमार्ग, गौरव पथ से आजाद चौक, रामनगर मुक्तिधाम मार्ग, जलेबी चौक से सुभाष चौक तक, नंदिनी रोड पावर हाउस चौक से तेल्हा नाला, बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय से युगनिर्माण स्कूल के पीछे तक, मांझी चौक से गणेश चौक तक, आई.टी.आई सर्विस रोड से शिवालय एम.पी.आर. रोड होते हुए श्री राम चौक से सर्विस रोड तक एवं हुड़को सेक्टर-09 फुटबाल मैदान से श्री राम चौक तक इन सड़को का उन्नयन, नवीनीकरण, डामरीकरण का कार्य राशि 9 करोड़ की लागत से किया गया है। वही वर्षाऋतु के कारण वार्ड 35 किशन चौक से शीतला मंदिर चौक तक डामरीकरण कार्य तथा छावनी चौक से हथखोज पुलिया तक मार्गो के नवीनीकरण कार्य को प्रारंभ करने के बाद 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर शेष को स्थगित रखा गया है, वर्षा काल समाप्त होने पर कार्य पूर्ण किये जायेगें। वर्तमान में बारिश से हुए सड़को के गढ़ढो को भरने पेंचवर्क भी किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने बताया की शहर की सड़को को आकर्षक बनाने मुख्य सड़क में केट आई एवं सफेद पटटी की लाईन उकेरी गई है। नगर के अन्य सड़को को मांग एवं आवश्यकता अनुसार उन्नयन, नवीनीकरण, डामरीकरण किये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।


मुख्यमंत्री
कन्या विवाह योजना
छत्तीसगढ़ महतारी
गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लिए राशि बढ़ी
अब सरकार दे रही है 50 हजार रु. की आर्थिक मदद
अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की
वेबसाइट www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
जनसंपर्क

संपादकीय

## बिल तो पारित होना ही था

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी दिल्ली सेवा विधेयक बिल तो पास होना ही था। क्योंकि इस बिल को राज्यसभा रोकने के लिए जितने सदस्यों की जरूरत थी,केजरीवाल व विपक्ष के पास उतने सदस्य नहीं थे। यह बात तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जानते थे। वह अवसर पर राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं, इसलिए इस मौके का भी उन्होंने राजनीतिक फायदा उठाया। यह तो हर कोई जानता था कि लोकसभा में यह बिल भाजपा के बहुमत के कारण आसानी से पास हो जाएगा। राज्यसभा में भाजपा के पास बिल को पास कराने लायक संख्या नहीं थी। फिर भी भाजपा आश्वस्त थी कि यह बिल वह बीजेडी व वायआरएस कांग्रेस के सहयोग पास करा लेगी। ऐसा ही हुआ है। बिल के पक्ष में 131 वोट पड़े और विरोध में 102 वोट पड़े। इस बिल पर विपक्ष के सदस्यों ने देर रात तक चर्चा भी की। इससे विपक्ष के मणिपुर के विषय में चर्चा नहीं करने पर उसकी नीयत पर सवाल उठाया गया। क्योंकि यही विपक्ष है जो कहता रहा है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा से भाग रही है।जबकि सरकार दिल्ली सेवा विधेयक की तरह मणिपुर मामले में भी चर्चा करना चाहती थी। विपक्ष कई तरह की मांग करके चर्चा से बचता रहा। जबकि दिल्ली विधेयक पर विपक्ष ने बहस में हिस्सा लिया। कहा जा रहा है कि मणिुपर पर बहस से भागने वाला विपक्ष दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा के लिए इसलिए राजी हुआ कि वह चाहता था कि आप पार्टी विपक्षी मोर्चा में बना रहे। इस मौके का जितना फायदा केजरीवाल ने उठाया उतना तो कांग्रेस भी नहीं उठा सकी। केजरीवाल ने अपना व अपनी पार्टी का महत्व बताने के लिए शर्त रख दी कि जब तक कांग्रेस उसका साथ बिल के मामले में संसद में नहीं देगी,वह विपक्षी मोर्चा की बैठक में शामिल नहीं होंगे। संसद सत्र के पहले कांग्रेस को केजरीवाल की बात माननी पड़ी। इस बात का कांग्रेस की दिल्ली व पंजाब इकाई ने विरोध भी किया। इसके बाद भी मजबूत विपक्षी मोर्चा के लिए कांग्रेस ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल का साथ दिया। इसके केजरीवाल को यह फायदा हुआ है कि विपक्ष में उनका महत्व बढ़ गया है। एक बार विपक्ष के दलों ने उनकी बात मानी है तो वह जान गए है कि विपक्ष से अपनी बात कैसे मनवाई जा सकती है। अब भविष्य में जब कभी भी केजरीवाल को विपक्ष से अपनी बात मनवानी होगी तो वह इसी तरह धमकी देंगे कि उनकी बात नहीं मानी गई तो वह विपक्षी मोर्चा छोड़ देंगे। विपक्षी मोर्चा की मजबूती के लिए विपक्ष के नेताओं को जिस तरह दिल्ली बिल पर केजरीवाल की बात माननी पड़ी है, उसी तरह भविष्य में भी विपक्ष को केजरीवाल को अपने से जोड़े रखने के लिए उसकी हर जायद नाजायज बात माननी पड़ेगी। केजरीवाल ने अब तक ऐसा कुछ नहीं कहा है कि वह विपक्षी एकता के लिए क्या कुर्बानी देंगे। अब तक तो वह कांग्रेस सहित अन्य दलों से कुर्बानी मांगते रहे है। आने वाले दिनों पांच राज्यों में केजरीवाल की पार्टी चुनाव लड़ने वाली है। इनमें आम आदमी पाटी छत्तीसगढ़,राजस्थान, व मप्र में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इन तीनों राज्यों में सत्ता के लिए मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच होना है। यहां से आप भी चुनाव लड़ती है तो इससे कांग्रेस को नुकसान हो सकता है तथा भाजपा को फायदा हो सकता है। ठीक उसी तरह जिस तरह गुजरात में हुआ। इसके लिए जरूरी है कि कांग्रेस की जीत के लिए आप यहां से चुनाव न लड़े। अब तक तो केजरीवाल ने इस विषय में कुछ नहीं कहा है। इससे ऐसा लगता है कि यहां से चुनाव लड़ने के लिए आप तैयार है। वह किसी के कहने पर भी चुनाव मैदान को नहीं छोड़ सकती। आप ऐसा करती है तो उसका संगठन यहां कमजोर होगा। उसके नेता व कार्यकर्ता दूसरे दलों में चले जाएंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप कार्य स्थल पर खूब मेहनत करेंगे और आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। आज आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभाएंगे। इस राशि के मनोरंजन से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद हो सकता है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। कोई सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। किसी करीबी को आज आपसे कुछ अपेक्षाएं होगी, आप उन अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। सरकरी ऑफिस में काम करने का आज ट्रांसफर ऐसी जगह होगा जहां से आपको अप-डाउन करने में आसानी होगी। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में हो सकता है। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज किसी कार्य में अपनों की मदद मिल सकती है। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। आज जीवनसाथी के साथ कहीं लंच के लिए जा सकते हैं। ऐसा करने से आपके रिश्तें में मजबूती आएगी। व्यापार में अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

कर्क राशि- आज आपके लिए अच्छा दिन रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड अधिक हो सकता है। लेकिन अधिकारी वर्ग का सहयोग मिलने से आप सरे कार्यों को एक-एक करके पूरा करने में सफल होंगे। आज अपने गुस्से पर काबू रखें, इससे आपको फायदा होगा। घर पर आज अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। घर पर कोई धर्मिक आयोजन का अनुष्ठान कराएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के कार्यों की तारीफ होगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। पैसों से जुड़े कुछ काम में आज आपको सावधानी रखने की जरुरत हैं। आज आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर ई-मेल के द्वारा आने की संभावना बन रही हैं। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में आज किसी मीटिंग में हिस्सा लेंगे। साथ ही किसी इम्पोर्टेंट टॉपिक पर बातचीत भी हो सकती है। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवारका पूरा सपोर्ट मिलेगा।

तुला राशि- आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। किसी कार्य को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं । आज फालतू के विवादों से दूर रहने की कोशिश करें। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करें, तो कार्यों में सफलता मिलेगी। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आज आप किसी नए रचना की शुरुआत कर सकते हैं। ऑफिस में आज आपकी पर्सनालिटी की तारीफ होगी। आज आप छोटी-छोटी चीजों में भी खुशियां ढूंढने में कामयाब होंगे।

धनु राशि- आज आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज व्यापार में अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है, कम्प्यूटर से रिलेटेड कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं। ऑफिस में आज काम को समय से पूरा कर लेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज किसी दोस्त से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आज ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करना पड़ सकता है। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे, बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज शिक्षकों के प्रमोशन का योग बना हुआ है। अगर जीवनसाथी के साथ कुछ समय से किसी बात को लेकर अनबन चल रही है तो आज इस बात को सुलझाने के लिए दिन अच्छा हैं।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज कोई जरूरी काम बनते नजर आएंगे। आज संतान पक्ष की सफलता आपको खुशी देगी। आज घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे, आस-पास के लोगों को को भी बुलाएंगे। आज नये काम करने की सोच सकते हैं, जो आपको आगे धन लाभ के अवसर देंगे। आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में व्यस्त रहेंगे। आज आपका समय सोशल मीडिया पर ज्यादा बीतेगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि- आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग कॉस्मेटिक के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। ऑफिस में आज किसी सहकर्मी से आपकी दोस्ती हो सकती है। कला व साहित्य के लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा। आपको अपना हुनर दिखाने के लिए सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

# छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का बढ़ा मान

विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष

ललित चतुर्वेदी, उप संचालक
आनंद सोलंकी, सहायक संचालक



छत्तीसगढ़ के वन और आदिवासी सदियों से राज्य की पहचान रहे हैं। प्रदेश के लगभग आधे भू-भाग पर जंगल हैं, जहां छत्तीसगढ़ की गौरवशाली आदिम संस्कृति फूलती-फलती है। आदिवासियों का पूरा जीवन वनों पर आधारित होने के बावजूद समय के साथ-साथ उनकी वनों के साथ दूरी बढ़ती गई। भारत के दूसरे आदिवासी क्षेत्रों की तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को भी जल-जंगल-जमीन पर अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी पड़ी। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य का सपना इन्हीं अधिकारों की वापसी का सपना था।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों तक उनके सभी अधिकार पहुंचाने का वायदा किया था। साथ ही उन्हें हर तरह के शोषण से मुक्ति दिलाने का भी वायदा किया था। इन वायदों को पूरा करने के लिए सरकार ने लगातार ऐसे कदम उठाए, जिनसे वनों के साथ आदिवासियों का रिश्ता फिर से मजबूत हुआ है और इन क्षेत्रों में विकास की नई सुबह हुई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की विकास, विश्वास और सुरक्षा नीति के चलते वनांचल में रहने वाले लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव आने लगा है। श्री भूपेश बघेल की सरकार ने आदिवासी समाज की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई और पूरी संवेदनशीलता के साथ उनका क्रियान्वयन किया। सरकार बनते ही इसकी शुरूआत लोहंडीगुड़ा के किसानों की जमीन वापसी से की। बस्तर के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के 10 गांवों में एक निजी इस्पात संयंत्र के लिए 1707 किसानों से अधिग्रहित 4200 एकड़ जमीन वापिस की गई। इससे वहां के निवासियों को कृषि व्यवसाय के लिए पट्टे दिए जा सकेंगे। नए उद्योगों की स्थापना हो सकेगी। आजादी के बाद पहली बार अबूझमाड़ क्षेत्र के 2500 किसानों को मसाहती खसरा प्रदान किया गया। अब तक अबूझमाड़ के 18 गांवों के सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है और 2 गांवों का सर्वे प्रक्रियाधीन है।

वनांचल में तेजी से बदलाव लाने के लिए राज्य सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 2500 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा करके, 67 तरह के लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर संग्रहण, वेल्यूएडिशन और उनके विक्रय की व्यवस्था की गई। इनका स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण और वेल्यू एडिशन करके राज्य सरकार ने न सिर्फ आदिवासियों की आय में बढ़ोत्तरी की है, बल्कि रोजगार के अवसरों का भी निर्माण किया है। वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2022-23 में राज्य में 12 लाख 71 हजार 565 क्विंटल लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई, जिसका कुल मूल्य 345 करोड़ रूपए है। वनोपज संग्रहण के लिए संग्राहकों को सबसे अधिक पारिश्रमिक देने वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना अगस्त 2020 में शुरू की गई। योजना के अंतर्गत 3827 हितग्राहियों को 57.52 करोड़ रूपए की अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई है। आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति से देश-दुनिया को परिचित कराने के लिए राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव जैसे गौरवशाली आयोजनों की शुरूआत राज्य सरकार द्वारा की गई। देवगुड़ियां और घोटुलों का संरक्षण और संवर्धन कर राज्य सरकार ने आदिम जीवन मूल्यों को सहेजा और संवारा है। श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार ने देवगुड़ी, ठाकुरदेव एवं सांस्कृतिक केन्द्र घोटुल निर्माण व मरम्मत के लिए दी जाने वाली राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

वर्ष 2017-18 में प्रति देवगुड़ी के लिए एक लाख रूपए की सहायता प्रदान की जाती थी, राज्य शासन द्वारा वर्ष 2021-22 में वृद्धि कर प्रति देवगुड़ी, घोटुल निर्माण, मरम्मत के लिए 5 लाख रूपए तक की सीमा कर दी है। विगत साढ़े तीन वर्षों में 2763 देवगुड़ी के लिए 51 करोड़ 55 लाख 83 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही अबूझमाड़िया जनजाति समुदायों में प्रचलित घोटुल प्रथा को संरक्षित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में नारायणपुर जिले में 104 घोटुल के निर्माण के लिए 4.70 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। सरकार द्वारा आदिवासियों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने और इन त्यौहारों, उत्सवों को मूल रूप से आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखीकरण करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना शुरू की गई है। राज्य में वन अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से जल-जंगल-जमीन पर आदिवासी समाज को संबल मिला है। व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार के साथ-साथ रिजर्व क्षेत्र में वन अधिकार वनवासियों को दिए गए। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज का महापर्व है। इसे पूरी गरिमा और भव्यता से मनाने की शुरूआत राज्य सरकार द्वारा की गई है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का मान बढ़ाने के लिए विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य के वन क्षेत्रों में काबिज भूमि का आदिवासियों और पारंपरागत निवासियों को अधिकार देने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्य है। राज्य में निरस्त दावों की पुनः समीक्षा करके वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए जा रहे हैं। विगत पौने पांच वर्षों में 59,791 व्यक्तिगत, 25,109 सामुदायिक वन अधिकारी पत्र वितरित किए गए हैं। देश में सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्र में व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदाय करने की कार्यवाही छत्तीसगढ़ में की गई।

प्रदेश में विशेष रूप से कमजोर जनजातियों को पर्यावास के अधिकार प्रदाय करने की कार्यवाही धमतरी जिले में प्रारंभ की गई। राज्य में अब तक विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को 23,571 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 2360 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 184 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदाय किया गया है। वितरित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों में से 17,411 वन अधिकार पत्र एकल महिलाओं (विधवा, निर्धन, अविवाहित, तलाकशुदा) को वितरित किए गए हैं।

राज्य में अब तक अभ्यारण्य एवं राष्ट्रीय उद्यान में 18 सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदाय किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अब तक 3694 सामुदायिक वन अधिकार संसाधन मान्य किए गए हैं, जिसके अंतर्गत 17,29,237 हेक्टेयर भूमि के संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन का अधिकार ग्राम सभाओं को दिया गया है।

राज्य में बीते साढ़े 4 सालों में 4,54,415 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के अंतर्गत हितग्राहियों को 3,70,275 हेक्टेयर भूमि दी गई है। सामुदायिक वन अधिकार मान्यता के अनुसार 45,847 पत्र वितरित किए गए है, जिसके तहत 19,83,308 हेक्टेयर भूमि प्रदाय की गई है। 3,731 ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र जारी कर 15,32,316 हेक्टेयर भूमि का अधिकार सौंपा गया है। राज्य में वन अधिकार एवं मान्यता पत्र के अंतर्गत आबंटित भूमि 5 लाख से अधिक परिवारों के लिए आजीविका का जरिया बन गई है। सामुदायिक वन अधिकार एवं वन संसाधन अधिकार के अंतर्गत प्रदत्त भूमि का फलदार वृक्षों के रोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। अबूझमाड़ इलाके में भी वन अधिकार अधिनियम के तहत तेजी पट्टे बांटे जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन मान्यता पत्र देने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। ओड़िशा के बाद बस्तर में कांकेर वैली नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र देने की पहल की गई है, इससे वन वासियों को रोजगार के साथ-साथ आय के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। वन भूमि पट्टा धारियों की उपज के समर्थन मूल्य पर क्रय करने के अलावा उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ दिया जा रहा है। वन अधिकार मान्यता पत्र हितग्राहियों की कृषि भूमि के समतलीकरण तथा मेढ़-बंधान कार्य में भी शासन द्वारा मदद की जा रही है। साथ ही उन्हें खाद-बीज एवं कृषि उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राज्य में 41 हजार से अधिक हितग्राहियों को 11 हजार हेक्टयेर से अधिक भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गई है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, रोजगार, पेयजल आदि से संबंधित जन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

पेसा कानून से मिलेगा अधिकार-छत्तीसगढ़ सरकार पेसा कानून के नियमों को लागू करने के विषय में गंभीरता से प्रयास कर रही है। पेसा कानून के नियम बन जाने से अब इसका क्रियान्वयन सरल हो जाएगा। इससे आदिवासी समाज के लोगों में आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की भावना आएगी। ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। ग्राम सभा के 25 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय के होंगे और इस 50 प्रतिशत में एक चौथाई महिला सदस्य होंगे। ग्राम सभा का अध्यक्ष आदिवासी ही होगा। महिला और पुरूष अध्यक्षों को एक-एक साल के अंतराल में नेतृत्व का मौका मिलेगा। गांव के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का अधिकार भी इन्हें होगा। छत्तीसगढ़ सरकार की विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति के चलते वनांचल में रहने वाले लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव आया है। आदिवासियों की आय में वृद्धि और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है।

# रेल विकास : कुछ हक़ीक़त भी है या केवल फसाना ?

चर्चित मुद्दा

निर्मल रानी



भारत सरकार द्वारा भारतीय रेल के इतिहास में गत 6 अप्रैल (रविवार ) का दिन भी एक बहु प्रचारित व लोक लुभावन आयोजन दिवस के रूप में दर्ज हो गया। इस दिन वीडिओ कॉन्फ़्रेंसिंग के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का शिलान्यास किया।। सरकार द्वारा हज़ारों करोड़ रूपये ख़र्च कर देश के प्रधानमंत्री के चित्र लगे सम्पूर्ण प्रथम पृष्ठ के विज्ञापन पूरे देश के सभी छोटे बड़े,मंझले,क्षेत्रीय व राष्ट्रीय समाचारपत्रों में प्रकाशित कराये गए। विज्ञापन में बताया गया था कि सरकार 25 हज़ार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन की नवनीकरण योजना शुरू करने जा रही है। इनमें राजस्थान के 55 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। जबकि 990 करोड़ की लागत से असम के 32 स्टेशंस का काया कल्प होगा। 1057 करोड़ ख़र्च कर पंजाब में 22 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। उत्तर प्रदेश में साढ़े चार हज़ार करोड़ रुपये ख़र्च कर 55 अमृत स्टेशन को विकसित करने की योजना है तो मध्य प्रदेश में 1 हज़ार करोड़ रुपए के ख़र्च से 34 स्टेशन्स का कायाकल्प करने का प्रस्ताव है। महाराष्ट्र में 44 स्टेशन्स के विकास के लिए डेढ़ हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा ख़र्च होंगे। 608 करोड़ की लागत से हरियाणा के भी 15 स्टेशन का कायाकल्प किया जायेगा। इनमें अंबाला शहर ,कालका ,रेवाड़ी ,भिवानी ,बहादुरगढ़ ,रोहतक ,फ़रीदाबाद ,नारनौल ,सिरसा,सोनीपत ,जींद ,यमुनानगर जैसे स्टेशन मुख्य रूप से शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन चिन्हित किये गए 'अमृत रेलवे स्टेशंस' पर आगमन और प्रस्थान प्लाज़ा, एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज, कॉनकोर्स एरिया, लिफ़्ट और एस्केलेटर, फ़ूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, कैफ़ेटेरिया, प्ले एरिया, ग्रीन बिल्डिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, कचरे के प्रसंस्करण, वर्षा जल संचयन, बैगेज स्कैनर, कोच इंडिकेशन बोर्ड, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उम्मीद की जा रही है कि 'अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास' योजना से देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना के शुभारंभ के अवसर फिर यह दावा दोहराया कि -'भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ़ क़दम बढ़ा रहा और देश अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। उन्होंने कहा कि देश में नई ऊर्जा है, नई प्रेरणा है, नए संकल्प हैं और इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। ग़ौरतलब है कि भारत के लगभग 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। इसी के प्रथम चरण में 25 हज़ार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की शुरुआत की गयी है। सत्ता व भाजपा समर्थकों द्वारा इस आयोजन को न केवल विज्ञापनों द्वारा बल्कि आलेखों व संवाददाता सम्मेलनों के द्वारा भी खूब प्रचारित किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना में देश के चिन्हित किये गये सभी 508 रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर समारोह आयोजित किये गए जिन्हें एक ही समय पर प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। आइये हरियाणा के एक ऐसे ही एक अमृत भारत स्टेशन 'अंबाला शहर' के आयोजन दिवस के वृतांत पर नज़र डालते हैं।

अंबाला शहर एक ऐसा रेलवे स्टेशन है दिल्ली -अमृतसर -अटारी-जम्मू मार्ग पर पड़ने वाला यह एक ऐसा प्रमुख स्टेशन है जहाँ मात्र एक घंटे की बारिश में ही रेल ट्रैक पर पानी इकठ्ठा हो जाता है। यहाँ तक कि अत्यधिक बारिश होने पर तो इस रुट पर चलने वाली ट्रेन्स ही कैंसिल करनी पड़ती हैं। इत्तेफ़ाक़ से गत 6 अप्रैल को भी जब इस स्टेशन के बाहर 'अमृत भारत स्टेशन योजना' से संबंधित समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी थी। पिण्डाल स्वागत बोर्ड,स्टेज,प्रचार विज्ञापन फूल गुलदस्ते परदे आदि सब कुछ सजाये जा चुके थे। तभी प्रातः लगभग 6 बजे तेज़ बारिश शुरू हो गयी। इतनी तेज़ बारिश कि स्टेशन के बाहर का स्वागत समारोह पिण्डाल तो अस्त व्यस्त हो ही गया साथ ही रेल ट्रैक पर भी लबालब पानी भर गया। इसी स्टेशन के बिल्कुल सटा हुआ एक नया अंडरपास बना है जो अधिक बारिश में तो भर ही जाता है। कभी कभी ज़मीन के नीचे से लगातार रिसने वाले पानी से भी भर जाता है और आवागमन बंद हो जाता है। यह अंडर पास एक लाइलाज बीमारी सा बन चुका है। सरकार वंदेभारत चलाकर अपनी पीठ स्वयं ठोकती रहती है। कभी इनके अधिकारियों को जनसेवा जैसी अनेक दूरगामी सवारी गाड़ियों की स्थिति पर भी नज़र डालनी चाहिये। जिसमें शौचालय तक में यात्री घुसे रहते हैं और शौचालय को अंदर से बंद भी कर लेते हैं। ज़हर खुरानी के मामले देश भर में आज भी होते हैं। यात्रियों का सामन सफ़र के दौरान सुरक्षित नहीं। स्टेशन पर मिलने वाली खाद्य व पेय सामग्री शुद्ध व स्तरीय नहीं होती। कई बड़े स्टेशन पर कुली सवारियों को ट्रेन में ठूंस कर उनसे सैकड़ों रूपये वसूलते हैं।

देश के तमाम रेलवे स्टेशन नशेड़ियों,अपराधियों,भिखारियों व आवारा लोगों का अड्डा बने हुये हैं। कई जगह आसपास की आबादी के लोग स्टेशन से पानी भरते हैं। तो कई जगह पानी की सप्लाई ही नियमित नहीं होती। कहीं शौचालय नहीं तो कहीं है भी तो जाने लायक़ नहीं। ट्रेन में बाबा-भिखारी बने लोग सीटों पर क़ब्ज़ा जमाकर पूरे देश में सरेआम बिना टिकट यात्राएं करते हैं। कोई रोकने वाला नहीं। परन्तु मेहनत कश ग़रीब आदमी यदि ग़लती से एक स्टेशन भी आगे चला जाये तो उसे जुर्माना व अपमान सहना पड़ता है। गाय कुत्ते और कहीं कहीं तो बंदरों का स्टेशन पर घूमना,यात्रियों को तंग करना और गंदगी फैलाना तो आम बात है।

विकास की तमाम इबारतें लिखने के बावजूद अभी भी ऐसे तमाम विसंगतियां हैं जिनसे भारतीय रेल जूझता आ रहा है। ऐसे में देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित करने का दावा करना, अनेक स्टेशन के नए डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति और विरासत के अनुसार रखना ,देश में आधुनिक ट्रेनों की संख्या बढ़ाते जाना,प्लेटफॉर्म्स पर बैठने के लिए बेहतर सीटें लगाना, अच्छे वेटिंग रूम बनाना आदि से भी ज़रूरी है यात्री को सुगम,आरमदे,सुरक्षित यात्रा देना,रेल ट्रैक पूर्णतः सुरक्षित बनाना आदि। केवल स्टेशन भवन,यात्री विश्रमालय आदि का निर्माण या रंग रोग़न कर रेल विकास की बातें करने पर यह सवाल तो उठेगा ही कि इस 'रेल विकास कथा ' में कुछ हक़ीक़त भी है या कि केवल फ़साना।

# घास और घूस

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



हाल ही में एक कार्यालय जाना हुआ। वहाँ कहने को तो अत्याधुनिक कंप्यूटर थे, लेकिन डिब्बे में बंद पड़े थे। कहा गया कि इसका अनावरण अभी नहीं हुआ है। इसीलिए पुराने कंप्यूटरों से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराना तो पुराना होता है। उसका भी एक तराना होता है। काम न करने का बहाना होता है। परिणाम यह हुआ कि पत्रावलियों के अंबार पर अंबार लगे पड़े हुए हैं। लगता है कि उनकी होड़ एवरेस्ट से है। हो भी क्यों न? एवरेस्ट भारत में थोड़े न है! इसीलिए हिम का न सही कम से कम पत्रावलियों का एवरेस्ट भारत में बना ही सकते हैं। इससे देश का नाम और ऊँचा होगा। पत्रावलियों का अंबार मकड़ियों को रोजगार देता है। कर्मचारी न सही, वे ही अपनी टिप्पणी लिख देती हैं। हस्ताक्षर के रूप में धूल परोस देती हैं। चाहे कुछ भी हो काम चालू रहता है। पता चला कि चपरासी ने इन्हीं पत्रावलियों में से कुछ को रद्दी समझकर उसमें केले के छिलके लपेटकर बाहर फेंक दिए। अब उस पर बकरी चर रही है। शायद वह पढ़ी-लिखी है, उसे भी लगा होगा कि कागज़ किसी काम का है, सो उसने केले का छिलका खाने में ही अपनी साक्षरता की निशानी समझी। ड्राफ्टिंग वाले कागज नोट के चक्कर में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। नोट भिन्नार्थी होता है। समझने वाले समझ जाते हैं। न समझने वाले आजीवन किराए के मकान में गुजर-बसरकर दम तोड़ देते हैं। सच्चे अर्थों में नोट का अर्थ जानने वाला चपरासी वसूलों के पक्के अधिकारियों की तुलना में चार-चार कोठियाँ भाड़े पर चढ़ा देता है। बेटी की शादी में ऑडी देकर अपनी बॉडी का सीना चौड़ा कर लेता है। ऐसे ही चपरासियों का अपना चाणक्य वाक्य होता है कि जिस देश में लोग घास-फूस खा रहे हों वहाँ घूस खाने से परहेज नहीं करना चाहिए।

यहीं पर एक बड़े बाबू रहा करते थे। अब नहीं हैं। उनकी ईमानदारी ने उन्हें देहात भेज दिया। इस कार्यालय में वही बचे हैं जो दूसरों को सुधारने की नहीं सोचते। जो ऐसा सोचते हैं, वे खुद सुधर जाते हैं और एक दिन देहात की माटी फांकते हुए नजर आते हैं। काम को कल पर टालने वाले टाइम मैनेजमेंट के गुरु और कबीर के ऐसे भक्त जो कल को आज, आज को अब करने की सोचते हैं उन्हें आलसी बाबू बड़ी तबियत से लतिया देते हैं। लतियाते हुए कहते भी हैं - यह सरकारी कार्यालय है। काम समय पर हो जाए तो इसकी अहमियत ही क्या रह जाएगी। जितना कार्य लंबित होता है, वह उतना ही सम्माननीय होता है। तभी यहाँ आने वाले जी हुजूरी, सलाम ठोंकने और घूस की घी वाली रोटी खिलाने को अपनी शान समझते हैं। जहाँ यह सब नहीं होता, वह असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी कतई नहीं।

## एक नजर

### जनपद अध्यक्ष ने दिव्यांग छावनी को ट्रायसिकल प्रदान किया



**छुरिया 9 अगस्त।** जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव जी के करकमलों द्वारा कक्षा 7वीं की विद्यार्थी दिव्यांग कु. छावनी पिता श्री नंदलाल ग्राम मेटेपार निवासी को ट्रायसिकल प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य ने उच्च माध्यमिक विद्यालय में कापी वितरण किया



**राजनांदगांव 9 अगस्त।** ग्राम धामनसरा में उच्च माध्यमिक विद्यालय में कापी वितरण मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य राजनांदगांव अध्यक्षता योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव विशेष अतिथि लोकेश गंगवीर सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर समाजसेवी प्राचार्य अजय मसीह ने छत्तीसगढ़ शासन के पाठय पुस्तक निगम से कक्षा नौवीं एवं दसवीं छात्र छात्राओं काफी वितरण किया गया रोशनी वैष्णव ने कहां अभी तक बच्चों को निशुल्क पुस्तक छात्राओं साइकिल वितरण किया जाता था प्रदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कापी निशुल्क प्रदान कर छात्र छात्राओं सहारा मिल रहा है मुख्य मंत्री भूपेश बघेल शिक्षा मंत्री पाठ्य पुस्तक निगम धन्यवाद ज्ञापित करती हुं।

### स्वीप की बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने विशेष चर्चा हुई

**बलौदाबाजार 9 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मतदाताओं को जागरूक करने जिला स्तरीय स्वीप की बैठक आज सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने विशेष कार्ययोजना के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार ने पिछले विधानसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से कम हुए मतदान केन्द्रों मे व्यापक जोर देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके तहत सभी लक्षित मतदान केन्द्रों में संकल्प सभा आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सायकल रैली, संकल्प चक्र, मानव श्रृंखला सहित अन्य विविध गतिविधियों के आयोजन करने कहा गया है। उक्त बैठक में स्वीप के नोडल अधिकारी श्री रवि कुमार सहित सभी एसडीएम, सीईओ,सीएमओ, जिला शिक्षा अधिकारी,महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीएचएमओ, जनसंपर्क अधिकारी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी गण उपस्थित थे।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने लॉन्च किया इको-फ्रेंडली डेबिट कार्ड

**रायपुर 9 अगस्त।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक, बचत खाते वाले नए और मौजूदा, दोनों तरह के ग्राहकों के लिए इकोफ्रेंडली डेबिट कार्ड लॉन्च करने वाला पहला भारतीय बैंक बन गया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक बैंकिंग लाइसेंस के साथ वृहद पैमाने पर काम करने वाली एकमात्र लाभदायक भारतीय फिनटेक कंपनी है। यह लॉन्च वित्तीय क्षेत्र में सतत विकास और इको-फ्रेंडली प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, प्रमाणित इको-फ्रेंडली सामग्री, आर-पीवीसी से बने डेबिट कार्ड जारी करेगा, जो पर्यावरण की संरक्षण में सहायक सिद्ध होंगे। इस इको-फ्रेंडली सामग्री को अपनाने के साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर्यावरण संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। 50,000 कार्डों के प्रत्येक बैच के उत्पादन से बाजार में पारंपरिक तरीके से उपयोग किए जाने वाले पीवीसी कार्डों की तुलना में 350 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में पर्याप्त कमी आएगी।

# चार साल से शिक्षक की मांग करते थक चुके हैं ग्रामीण, पालकों में रोष व्याप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 9 अगस्त।** नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत चिवर्री के आश्रित ग्राम सांकरा के प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यहां बच्चों के पालक बीते चार सालों से लगातार शिक्षक की मांग कर रहे हैं। कभी विकास खंड तो कभी जिला मुख्यालय लेकिन उनकी मांग अब तक पुरी नहीं हो पाई है। इसके चलते पालको में रोष व्याप्त है। पालक विनायक नागवंशी, डेविड नेताम, अशोक नेताम,जनक राम नेताम, रामसुंदर नेताम, विनायक मरकाम ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी लगातार बनी हुई है। इस समस्या के बारे में सन् 2018 से लगातार शासन- प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा है, इसके पूर्व



में भी कलेक्ट्रेट में जाकर शिक्षकों की मांग की गई है लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। शिक्षकों की कमी के चलते पढ़ाई-लिखाई पुरी तरह प्रभावित हो रही है। प्राथमिक शाला सांकरा में दो शिक्षक हैं लेकिन उसमें से एक शिक्षक का कार्य मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए होता है। जिसके कारण एक ही शिक्षक पुरे पांच कक्षाओं को सम्हाल रहें हैं। सरकार की ओर से हमेशा शिक्षा की गुणवत्ता पर बात की जाती है ऐसे में गुणवत्ता कहां से आ पाएगी वही स्थिति मध्यमिक शाला की है यहां दो शिक्षक हैं उसमें से एक शिक्षक को संकुल समन्वयक का दायित्व निर्वहन करना पड़ रहा है। जिसके चलते यहां भी एक ही शिक्षक को पढ़ाने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। हाई स्कूल में गणित और संस्कृत का शिक्षक नहीं है।यदि किसी कारणवश एक शिक्षक स्कूल नहीं आ पाते हैं तो बच्चों को सम्हालना मुश्किल भी हो जाता है यही नहीं मात्र केवल दो शिक्षक होने के कारण पढ़ाई की स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। प्राथमिक स्कूलों में भी छात्रों की तुलना में शिक्षकों की संख्या कम है । लगातार मांग करने के बाद भी शिक्षकों की पदस्थापना नहीं किए जाने से बच्चों के पालकों में प्रशासन को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों व पालको का कहना है कि यदि शिक्षक की मांग पुरी नहीं होने पर स्कूल में ताला जड़ने की बात कही है।

# बूथ लेबल एजेंट ही चुनाव जिताते हैं:सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 9 अगस्त।** ज़मीनी और निष्ठा वान कॉंग्रेस कार्यकर्ता को ही बूथ लेबल एजेंट की महती ज़िम्मेदारी देना होगा तभी कॉंग्रेस पार्टी हर बूथ पर चुनाव में जीत दर्ज करेगी क्योंकि ज़मीनी और निष्ठावान कार्यकर्ता ही भूपेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ को घर घर तक पहुँचा कर योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति को दिलाने में कार्य करेगा जिससे हमारी पार्टी के प्रत्याशी को बहुमत अधिक से अधिक मतदान केंद्रो में मिलेगा उक्त बाते आज भाटापारा विधान सभा इस्तरीय बूथ लेबल एजेंट कार्यकर्ताओं की बैठक को क्रांतिकारी अन्दाज़ में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कही,शर्मा ने आगे कहा की इस बार चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा और पंजा छाप के निशान को देकर हम सभी को कॉंग्रेस प्रत्याशी को चुनाव में जीताकर 75 पार करना है,जातिवाद,क्षेत्रवाद और स्वार्थीवाद से हटकर सिर्फ़ छत्तीसगढ़िया वाद और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओ को आगे लाकर चुनाव में कार्य कर अपने क्षेत्र से भाजपा को हराकर कॉंग्रेस का परचम लहराना है,मुझे विस्वाश है की ज़मीनी और निष्ठावान कार्यकर्ता इस बार भाटापारा विधानसभा से कॉंग्रेस प्रत्याशी को जीताकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उपहार ज़रूर देंगे जिससे भाटापारा में विकास के नये आयाम स्थापित हो सके।उपस्थित कार्यकर्ताओं को साम्न्यवक बर्हमदत ठाकुर ने पूरे विस्तार से बूथ लेबल में किये जाने वाले कार्यो की जानकारी दी,एजेंट गणों को जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल,श्रम कल्याण विभाग सदस्य आलोक मिश्रा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर,प्रदेश प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी,प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग इंद्र साव,पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता,उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा,जिला महिला अध्यक्ष गौरी भृगु, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल,अमर माण्डवी,डॉ के के नायक ने सम्बोधित किया,बैठक में शहर और ग्रामीण ब्लॉक के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अमानक वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता समाप्त की जाए:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को प्रदेश कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई जिसमें भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण ,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गण एवं प्रदेश के जिला संयोजक , सहसंयोजक गण विशेष रूप से उपास्थित थे।उक्त बैठक में प्रमुख रूप से सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशि कांत द्विवेदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए बताया कि सभी जिला के संयोजक गण शीघ्र जिला कार्यकारिणी की



बैठक लेकर सभी सोसाइटीओं मे प्रवास सुनिश्चित करें। अमानक वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता के चलते किसानों को रासायनिक खाद एवम् बीज में दिक्कत आ रही है। किसानों को सहकारी समितियों में रासायनिक खाद लेने के लिए दो-चार होना पड़ रहा है। श्री द्विवेदी ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि किसानों को साथ लेकर समितियों में जाकर वरमी कंपोस्ट की बोरियों का वजन कराएं और उसके गुणवत्ता का परीक्षण करें ।यदि सही नहीं पाया जाता है तो तत्काल वहां पर धरना आंदोलन करें। श्री द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना 25 जुलाई को जारी कर 31 जुलाई तक बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। उसका विरोध करते हुए संचालक कृषि विभाग रायपुर के नाम बीमा कराने की समय सीमा बढ़ाने हेतु ज्ञापन दिया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि शासन प्रशासन को 16 अगस्त तक बीमा की तिथि बढ़ानी पड़ी । श्री द्विवेदी ने पंजीयक महोदय को भी ज्ञापन सौंप कर ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा कि आगामी धान खरीदी के समय फिर से राइस मिलरों द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में कटे-फटे बारदानों की आपूर्ति न हो सके इसके लिए धान उपार्जन केन्द्रों के कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में मानक/ अमानक बारदानों का प्रावधान पुनः किया जाना सुनिश्चित किया जावे। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी श्री देवजी भाई पटेल ने भी अमानक एवम् गुणवत्ता विहीन वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की बात कही। साथ ही सहकारी समितियों में खाद और बीज की कमी के चलते किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है उसका तत्काल निराकरण होना चाहिए।कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने किया।

# रामकृष्ण केयर में मरीज को लगाया अत्याधुनिक पेसमेकर

**रायपुर 9 अगस्त।** अब सामान्य पेसमेकर की जगह लीडलेस पेसमेकर का चिकित्सकीय उपयोग ज्यादा बेहतर माना जाने लगा है। रामकृष्ण केयर में पिछले दिनों ऐसे ही एक पेशेंट में इसका उपयोग किया गया। पेशेंट को 2 दिनों में बिना किसी परेशानी की छुट्टी दे दी गई,यह इम्पलांट बिना तार के आता है और इसके लिए सर्जिकल पॉकेट की आवश्यकता नहीं होती है। डॉ. जावेद अली खान, विभागाध्यक्ष हृदय रोग विशेषज्ञ रामकृष्ण की निगरानी में पेशेंट को लीडलेस पेसमेकर लगाया गया। जैसे-जैसे लोगों को इसकी जानकारी होगी और उपयोगिता समझ में आएगी अधिकाधिक लोग इसका लाभ लेने लगेंगे। वैसे देखा जाए तो आम लोगों को पेस मेकर की जरूरत क्यों पड़ती है जब किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन काफी धीमी गति से हैं जिसे ब्रैडीकार्डिया कहा जाता है या धड़कन रूक जाने की स्थिति में बेहोशी या बेहोशी के लक्षण पैदा होते हैं। कुछ मामलों में पेसमेकर का उपयोग बहुत तेज़ (टैचीकार्डिया) या अनियमित दिल की धड़कन को रोकने या उसका इलाज करने के लिए भी किया जा सकता है।



लेकिन अब इसकी जगह लीडलेस पेसमेकर को ज्यादा सुविधाजनक माना जाने लगा है।

**क्या होता है पेसमेकर-** पेसमेकर इंसर्शन एक छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रत्यारोपण है जिसे आमतौर पर हृदय की धीमी प्रवाहित धड़कन समस्याओं को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए छाती में (कॉलरबोन के ठीक नीचे) रखा जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए पेसमेकर लगाने की सिफारिश की जा सकती है कि दिल की धड़कन खतरनाक रूप से कम दर तक धीमी न हो जाए।

### कैट व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत हुआः अमर पारवानी



**रायपुर 9 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट आपके द्वार के तहत कैट सी.जी. चैप्टर महादेव घाट रोड व्यापारी संघ से मुलाकात कर व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत हुए। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर का एक प्रतिनिधी मंडल कैट आपके द्वार के तहत महादेव घाट रोड व्यापारी संघ से मुलाकात कर व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत हुए।

# राहुल गांधी की सांसदी बहाली की खुशी में कांग्रेस ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 अगस्त।** राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भारत जोड़ो यात्रा की सूत्रधार सांसद राहुल गांधी के आयोग्य घोषित होने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा सांसद पद बहाल होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं खुशी की लहर दौड़ गई है उसी का इजहार करते हुए डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी सहित ग्रामीण कार्यकर्ता की उपस्थिति में डोंगरगढ़ रेस्ट हाउस के सामने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई खुशीयां मनाई इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ,प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव संध्या देशपांडे, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, व्यापार प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष राजू राजपूत, पिछड़ा वर्ग



अध्यक्ष फत्तू वर्मा ,जोन प्रभारी राजू वर्मा ,पंचराम चंदेल, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री कमलेश वर्मा, नेतराम साहू, सेक्टर प्रभारी सामसाय टांडेकर, योधन दास साहू ,दिनेतू प्रकाश जांगड़े, लाला राम वर्मा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, बूथ अध्यक्ष छतरी वर्मा, पार्वती मंडावी, टुमन नेताम, विश्वनाथ कंवर, रुपेश वर्मा, कीर्तन मंडावी, तोरण प्रसाद भारती , दयालदास साहू, टीका वर्मा, टुमन लाल साहू, तोरण प्रसाद भारती पोमेश कुमार, कमलेश ( पिंटू) वर्मा, मोहन सिंग, कचरू राम,टुमेश नेताम, महेश्वर दास, शालिक राम,राम चरण, कमल, बेनू राम, राजेश मंडावी, धर्मेंद्र कुमार, ओमकार मेश्राम ,प्रीतम साहू ,कीर्तन राम, धनु पटेल, राजकुमार,हरक पटेल, राजेंद्र श्रीवास, पन्नालाल धुर्वे,धिरन चेलक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बीए,एलएलबी की सीट बढ़ाने एनएसयूआई ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर 9 अगस्त।** एनएसयूआई ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति से बड़ी मांग की है। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय में विधि अध्ययनशाला की बीएएलएलबी की सीट 60 से बढ़ाकर 120 करने के लिए कुलसचिव से मांग की । इस दौरान उनके साथ ज़िला महासचिव केतन वर्मा, ज़िला सचिव प्रियांशु सिंह, विवेक वर्मा, राहुल गुप्ता, जयेश बंजारे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे 1 आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 9 अगस्त।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में आज दिनांक 08.08.2023 को थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के के नेतृत्व में टिकेश पाल पिता कैलाश पाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम पाटेकोहरा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा बिक्री हेतु शराब रखा था जिसके विरुद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 236/2023 धारा 34(1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्र.आर. 799 संतोष नायक, आर0 1443 भानूप्रताप वर्मा, आर0 1662 प्रकाश कुर्रे की विशेष भूमिका रही।




### ग्राम तेलासी के 17 नवयुवकों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली



**कसडोल 9 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दक्षिण पलारी अंतर्गत ग्राम तेलासी के 17 नवयुवकों ने आज रायपुर में भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ नेता रामेश्वर धीवर, एवं अनुसूचित जाति मोर्चा दक्षिण पलारी के मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर धृतलहरे के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर विधिवत रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरीशंकर अग्रवाल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर भाजपा प्रवेश के लिए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किए, एवम पार्टी के कार्य को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए उनसे आह्वान किया। आज के इस अवसर पर रामेश्वर धीवर,भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, खिलेश्वर घृतलहरे मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, बुधराम ध्रुव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में खेमचंद पटेल ,अशोक कुमार पटेल , उमेश पटेल , कुबेर पटेल , गोविंद धीवर, प्रेम लाल पटेल , अमित साहू , भानु पटेल , घनश्याम पटेल , चेतन पटेल , युवराज पटेल , बलराम ध्रुव , चंद्रहास पटेल , रूपेंद्र साहू, , मोनू पटेल , शरद पटेल , ईश्वर धीवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**Notice under Section 72 of Indian Partnership Act-1932**

To Whom It may Concern

Notice is hereby given that the constitution of partnership firm Alok Construction, 174, infront of Shitla Mandir, Ama Para, Bramhan Para Ward, Raipur (CG) has been reconstituted on 04-08-2023 Mr. Ashwani Kumar Sharma is join the firm as our new partner.

**M/s ALOK CONSTRUCTION**
**PARTNER**

## कीचड़ की वजह से खराब हो जाती हैं कपड़े

# कीचड़ में चलकर स्कूल जाने को मजबूर करदा के विद्यार्थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 9 अगस्त।** एक तरफ राज्य और केंद्र सरकार स्कूल चलो अभियान के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर बलौदाबाजार जनपद के ग्राम पंचायत करदा के प्राथमिक , मिडिल व हाई-स्कूल के छात्र छात्राओं को घुटनों तक भरी कीचड़ और गंदगी को पार करते हुए रोज स्कूल जाना पड़ता है । कभी-कभी स्कूल के विद्यार्थी कीचड़ में फंस कर , फिसल कर गिर भी जाते हैं जिससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं । मजबूरी में इन्हें घर वापस जाना पड़ता है । इसके चलते विद्यार्थियों में काफी रोष व्याप्त है। ग्राम करदा से बांधा पहुंच मार्ग की दूरी डेढ़ किलोमीटर है । वह भी काफी दलदल । ग्राम करदा के करीब 100 बच्चे रोज मरदा व लवन स्कूल इसी कच्चे मार्ग से हो कर जाते हैं । जिस रास्ते में कोई अपना पैर भी नहीं



रखना चाहता उसी रास्ते से होकर विद्यार्थी स्कूल तक का सफर रोज तय करते हैं । दलदल वाला यह रास्ता छोटा -मोटा नहीं बल्कि पूरे डेढ़ किलोमीटर लम्बा है , इसके चलते विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है ।

स्कूल जाते समय कई विद्यार्थियों के पैर फिसल जाने से , वे कीचड़ में गिर जाते है । तो कभी कोई पूरा का पूरा कीचड़ से लथपथ हो जाता है । बच्चों की मानें तो कई बार इनको चोट भी लगती है , यूनिफार्म , कापी - किताबें भी कीचड़ से खराब हो जाती है । ग्रामीणों का कहना है कि विधायक ने रोड निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की अनुशंसा की है लेकिन अब तक रोड नहीं बना । स्कूल जाने वाले बच्चों के अभिभावक पूर्व जनपद सदस्य फूलसाय साहू , नारद पैकरा , भुनेश्वर रात्रे , भागचंद डहरिया , नंदू चेलक , पन्नालाल डहरिया ने बतलाया कि क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू के द्वारा 2 वर्ष पहले रोड निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की अनुशंसा की जा चुकी है जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाया है । ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों व लोगों की परेशानियों को देखते हुए शीघ्र ही रोड निर्माण किए जाने की मांग किया है ।इस्टीमेट बन चुका है । शीघ्र ही करदा और कोरदा रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा । शकुंतला साहू , विधायक कसडोल एवं संसदीय सचिव तबीयत खराब होने पर मरीज को ले जाते हैं चारपाई से करदा गांव के इस मोहल्ले में करीब 70 घरों के लोग निवासरत हैं जिन्हें रोज इसी रास्ते से होकर आना-जाना पड़ता है । कीचड़ भरा मार्ग होने के चलते यहां सरकारी सेवा एंबुलेन्स , महतारी एक्सप्रेस भी नहीं पहुंच पाती है । कुछ दिनों पहले एक एंबुलेन्स इस कीचड़ भरे दलदल में फंस गई थी जिसे 8 ट्रैक्टरों के द्वारा भी नहीं निकाला जा सका था । बाद में उसे क्रेन की मदद से निकाला गया था । आपको बता दें कि गांव के तीन चार ग्रामीणों की तबीयत खराब होने पर समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने की वजह से उन ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है । ग्रामीणों ने बतलाया कि यहां अगर किसी की तबीयत खराब हो जाती है तो उसे चारपाई में लिटा कर बड़ी मुश्किल से कीचड़ के इस दलदल को पार कर के ले जाते हैं ।

## एक नजर

### सांसद के प्रयास से बेलसोंडा रेल्वे ब्रिज निर्माण शीघ्र होगा प्रारंभः सुधा साहू

**महासमुंद,9 अगस्त।** महासमुंद से घोड़ारी के मध्य स्थित बेलसोंडा रेल्वे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति देने पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि श्रीमती सुधा साहू ने इस बड़ी उपलिब्ध को सांसद चुन्नीलाल साहू द्वारा किए गए अथक प्रयासों का प्रतिफल बताया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बेलसोंडा रेल्वे क्रॉसिंग पर ब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।श्रीमती साहू ने कहा कि वर्ष 2017 में डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में तुमगांव मार्ग रेल्वे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों की समस्याओं से लगातार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया था। वर्तमान में बेलसोंडा रेल्वे क्रॉसिंग भी आम जन के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। इस समस्या से सांसद चुन्नीलाल साहू ने लगातार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराते हुए ब्रिज निर्माण की मांग की। सांसद के प्रयासों के चलते ही वर्ष 2022-23 के कार्ययोजना में इस कार्य को केंद्रीय मंत्री द्वारा शामिल किया गया। एनएच-353 पर बेलसोंडा रेल्वे फाटक में लगने वाले जाम से राहगीरों को अब शीघ्र निजात मिल सकेगी। जल्द ही ब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।श्रीमती सुधा साहू ने आगे कहा कि सांसद चुन्नीलाल साहू ने क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं को संसद में रखा। सांसद के प्रयासों से ही रेल यात्रियों की सुविधा के लिए बंद हुई यात्री ट्रेनों की पुन- स्टॉपेज मिली। महासमुंद रेल्वे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया। जिसके तहत 16 करोड़ रू. के विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही केंद्र की आकांक्षी जिलों में महासमुंद को शामिल कराकर मेडिकल कॉलेज की सौगात सांसद श्री चुन्नीलाल साहू के प्रयासों से मिली है। श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि बिना भेदभाव के केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ में विकास कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंओर विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से युवा गोपाल ने खोली प्लंबरिंग की दुकान

**महासमुंद।** शासन द्वारा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाएँ संचालित कर आत्मनिर्भर बनाने का सपना पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम ने युवा गोपाल प्रसाद नाग को उद्यमी बनाने की राह आसान कर दी।जिले के सरायपाली विकासखंड के गांव वेदपाली के युवा गोपाल प्रसाद नाग ने बताया कि उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद प्लंबरिंग का काम सीखा, लेकिन उनके पास प्लंबरिंग वर्क को आगे बढ़ाने के लिए व प्लंबरिंग संबंधित सामान मशीनरी खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। तभी उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पता चला। तो उन्होंने विभाग से संपर्क कर अपना ऋण प्रकरण फार्म नियमानुसार भरकर विभाग में जमा कर दिया। फिर इंडियन ओवरसिस बैंक द्वारा जांच परख कर उन्हें तीन लाख राशि का ऋण 35 प्रतिशत अनुदान राशि के साथ स्वीकृत कर प्लंबरिंग वर्क को आगे बढ़ाने के लिये राशि प्रदान किया गया। उन्होंने उस राशि से नल संबंधित सामान एवं सारे उपकरण खरीदा और अपने रोजगार को आगे बढ़ाया। गोपाल प्रसाद नाग बताते हैं कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हुई। वर्ष 2020 से दुकान खोलकर मैं आत्मनिर्भर तो हुआ ही साथ ही आर्थिक रूप से मजबूत हो गया। मैं बैंक की किश्तें नियमित अदा कर रहा हूँ। मैंने कभी सोचा था कि मेरी खुद की दुकान होगी, आज वह सपना पूरा हुआ और आगे बढ़ने के रास्ते खुलें मैं और मेरा परिवार अब खुश हैं। अब मैं हर महीने 15000-20000 रुपए कमा लेता हूँ। मैं छत्तीसगढ़ शासन के उक्त योजना की बहुत-बहुत प्रसंशा करता हूँ। जिसकी वजह से मैं स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाया।

### कांग्रेस भवन में गृह मंत्री का किया स्वागत, जन्मदिन भी मनाया



**महासमुंद।** लोक निर्माण, गृह,जेल ,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू का महासमुंद आगमन हुआ। प्रभारी मंत्री के रूप में आगमन से कांग्रेसजन प्रफुल्लित हुए। मंत्री साहू ने नवीन राजीव गांधी भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। पश्चात महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा 6 अगस्त को मंत्री का जन्म दिवस था। आज महासमुंद में आगमन पर कांग्रेस भवन में जन्मदिवस मनाते हुए आतिशबाजी व केक काटकर मिष्ठान वितरण किया गया। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने दिया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी के संसद की सदस्यता बहाल होने की खुशी में सभी को बधाई देते हुए अभिनंदन किया और कहा कि गांधी के लोकसभा पहुंचने से कांग्रेस की शक्ति में इजाफा हुआ है। अब जुमले बाजो के जवाब के लिए राहुल गांधी सांसद भवन में अपनी बात रख सकते हैं।

### होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में निःशुल्क प्रवेश के लिए वाक इन इंटरव्यू 12 अगस्त को

**रायगढ़, 9 अगस्त।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 12 अगस्त 2023 दिन शनिवार को समय प्रातः 11 बजे स्थान- जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ वाक् इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन हेतु उपस्थित हो सकते है।

प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

# सड़कों के गड्ढों को पाटना सुनिश्चित करेंः मंत्री साहू

**महासमुंद,9 अगस्त।** प्रदेश के गृह, जेल, लोक निर्माण, कृषि विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में संसदीय सचिव व महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर, संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद, बसना विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, कलेक्टर प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।



बैठक में प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सड़कों पर गड्ढों को पाटने का कार्य करें। संबंधित ठेकेदार यदि पांच वर्ष से कम की अवधि का है, तो उसे तत्काल मरम्मत कराएं। यदि सड़क निर्माण पांच वर्ष से ज्यादा हो गए हैं तो उसके मरम्मत के लिए नए प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी सड़कों के लिए उक्त निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मंदिरों एवं पर्यटन स्थलों में साफ सफाई रखें, उनका रख-रखाव ठीक हो, पर्यटन स्थल तक जाने सड़क, सुरक्षा, टॉयलेट, पानी व ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए वास्तविक प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में सभी अधिकारी पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। यदि अधिकारी बैठक में नहीं आते तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करें, जनप्रतिनिधियों की बातों को सुने और नियमानुसार कार्रवाई करें। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, निर्भय साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।गोठानों की समीक्षा में साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधि गोठानों का दौरा करें और उसे आदर्श बनाएं कि लोग भी देखने जाए, वर्मी कंपोस्ट की क्वालिटी विशेष तौर पर गुणवत्तापूर्ण हो। रोका-छेका अभियान के तहत सड़कों पर मवेशी को हटाए और उनके गलें में रेडियम पट्टी लगाएं। ताकि रात में दुर्घटना की संभावना कम हो। उद्यानिकी विभाग एवं वन विभाग की समीक्षा में फलदार वृक्ष के साथ-साथ देशी मुनगा, चंदन, बांस आदि फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जो बाजार में ज्यादा कीमत पर बिक रही सब्जी व फलों का उत्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने पाम ऑयल उत्पादन के लिए भी योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सड़कों के किनारें वृक्षारोपण और औषधि पौधें लगाने के लिए योजना बनाने कहा। सभी सरकारी भवनों में गोबर से बने पेंट से पुताई किया जाए। एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।जल जीवन मिशन के तहत जिन गांवों में पाइप बिछाने के बाद खुदे हुए अभी भी खुले है, ऐसे गड्ढों को पाटे। नल जल योजना के तहत पहले बोर खनन हो फिर टंकी का निर्माण तत्पश्चात् पाइप बिछाने का कार्य करें। जहां पूर्णतः की स्थिति है उन ग्रामों में पेयजल सप्लाई तत्काल प्रारम्भ करवाएं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में नर्सों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। राज्य शासन द्वारा संचालित खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सकें। बरसात के मौसम में रेबीज और एन्टी स्नेक का टीका सभी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध हो। उन्होंने पशुपालन विभाग के समीक्षा में कहा कि डेयरी योजना को बढ़ावा दें। भैंस पालन के लिए सब्सिडी दिया जाए। श्रम विभाग के अधिकारियों को कैम्प लगाकर सभी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सामग्री व चेक वितरण करने के निर्देश दिए हैं।मंत्री साहू ने परिवहन विभाग को प्रत्येक ब्लॉक में कैम्प लगाने और गाड़ियों की नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को लंबित विद्युत पम्प कनेक्शन स्वीकृत करने, घरों के उपर से गुजरने वाले तार को मल्टी केबल से बदलने तथा विद्युत पोल हटाने की प्रक्रिया को सरलीकृत करने के निर्देश दिए है। साथ ही गांवों में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। इसके लिए ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में मंत्री साहू ने कहा कि राशन कार्ड बनाने संबंधी कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा राजस्व, क्रेडा, महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों की चर्चा की गई।

# शीघ्र शुरू होगी गिरदावरी, गंभीरता से करें कार्यःकलेक्टर

**रायगढ़, 9 अगस्त।** आगामी दिनों से गिरदावरी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा, इस कार्य को गंभीरता से करें। कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें आज कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा।



इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रकरण के संबंध में जवाब प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में जन सामान्य की सुविधा के लिए राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिससे राजस्व से जुड़े कार्यो के लिए आम जन को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े। कलेक्टर श्री सिन्हा ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के समय-सारणी में हुए आंशिक परिवर्तन की जानकारी देते हुए, सभी सीईओ जनपद को निर्धारित दिनों में आयोजन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जन शिकायत, जन चौपाल, सीएम जन चौपाल में लंबित प्रकरणों की जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आरईएस को नवीन तहसील कार्यालय के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश। इसके साथ ही उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शेष कार्यो एवं चक्रपथ के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने खाद बीज के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि खाद की अच्छी खपत हैं, मांग अनुसार खाद की पूर्ति की जा रही हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कृषि विभाग को अमानक खाद, कीटनाशकों की नियमित जांच करने एवं अमानक पाए जाने पर दुकान संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में जागरूक करने के दिए निर्देशकलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले में हो रही बारिश एवं जल ठहराव के मद्देनजर डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जागरुकता के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया।

### कलेक्टर ने फसल बीमा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़, 9 अगस्त।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने फसल बीमा रथ को रवाना करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खरीफ और उद्यानिकी फसल बीमा का लाभ लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करें। उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने बताया कि बीमा रथ जिले के समस्त ग्रामों में भ्रमण कर प्रचार-प्रसार करेगी। साथ ही समिति/बैंक/धान उर्पाजन केन्द्रों/बाजार हाट स्थल पर जाकर योजना संबंधी पाम्पलेट एवं लाउड स्पीकर के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा से संबंधी जानकारी देंगे।

# विश्व आदिवासी दिवसःसुविधा, संसाधनों से समृद्ध होते जिले के अनुसूचित क्षेत्र

**रायगढ़, 9 अगस्त।** रायगढ़ जिले में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या बड़े पैमाने में निवास करती है। रायगढ़ जिले के 5 विकासखंड अनुसूचित ब्लॉक में शामिल है। राज्य शासन की योजनाओं के साथ प्रशासनिक प्रयासों से इन क्षेत्रों में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा उसे बढ़ावा देने, वन अधिकार पट्टा वितरण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और पर्यावरण संरक्षण व रोजगार संवर्धन के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। 3 नई राजस्व इकाइयों के गठन से दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रशासनिक पहुंच सुलभ हुई है। शासन-प्रशासन के इन प्रयासों से जिले के अनुसूचित क्षेत्र सुविधा और संसाधनों से समृद्ध हो रहे हैं।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुसूचित क्षेत्रों में अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण, केलो नदी के संरक्षण व तालाबों के माध्यम से प्राकृतिक जल के संचयन जैसे कदमों के साथ पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण के साथ करियर



मार्गदर्शन के लिए मितान केंद्रों की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे है। जिसका लाभ यहां निवासरत लोगों को मिल रहा है।

**सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अभियान** -आदिवासी संस्कृति का प्रमुख अंग उनके नृत्य व संगीत होता है। उनके इस विशिष्ट संस्कृति को बचाये रखने के लिए गांवों की सांस्कृतिक दलों को आवश्यक सामग्री की व्यवस्था हेतु 10 हजार रुपये तक की राशि दी जाती है। पिछले चार वर्षों में 156 दलों को 15 लाख 60 हजार रुपये दिए गए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में स्थानीय उत्सवों व त्यौहारों के साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए 10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है। अनुसूचित क्षेत्रों के 377 ग्राम पंचायत को प्रथम किश्त के रूप में 18 लाख 85 हजार रुपये की राशि दी गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में पारा, मजरा, टोलों में देवस्थल के विकास हेतु राशि स्वीकृत की जाती है। इसके अंतर्गत अब तक 75 देवगुड़ी हेतु 85 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

**वन अधिकार पत्रों से मिलता भूमि स्वामित्व का लाभ** -जिले में अब तक 12 हजार 877 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल 7 हजार 634 हेक्टेयर है। इसी प्रकार 47 हजार 730 हेक्टेयर के 4 हजार 88 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 01 लाख 32 हजार 629 हेक्टेयर के 248 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए है।

### सिविल हॉस्पिटल में कार्यरत कर्मचारी नही हैं सुरक्षित

# जीवनदाता कहे जाने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा पर लग रहा ग्रहण

**पत्थलगांव, 9 अगस्त।** लाईफ लाईन कहे जाने वाले डॉक्टर भी अब यहा सुरक्षित नही है,सिविल हॉस्पिटल के अंदर असामाजिक तत्वो का आना जाना लगे रहने के कारण यहा हर रोज छिटपुट घटनायें घट रही है। सिविल हॉस्पिटल मे कार्यरत डॉक्टर हो या कर्मचारी अपनी सुरक्षा को लेकर अधिकारीयों की चौखट झांक रहे है,परंतु धरती का भगवान कहे जाने वाले इन लोगो को अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा नही दी गयी। वैसे कहे तो डॉक्टर या यहा के कर्मचारी शासन प्रशासन से मांग ही क्या रहे है,उनकी मांग माने तो सिविल हॉस्पिटल मे सिर्फदो चार सुरक्षा गार्ड की तैनातगी ही सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं कर्मचारीयों की मांग है,परंतु इसे शासन प्रशासन की आंख मिचौली कहा जा सकता है कि जिन जनप्रतिनिधियों के आगे पीछे सुरक्षा को लेकर अनेक गार्ड सलामी देते दिखायी देते हो,वही लोगो का जीवन बचाने वाले डॉक्टर अपनी सुरक्षा के लिए गार्ड की मांग करते उच्च अधिकारीयों के पास दरख्वाश लगाते घुम रहे है,इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि सिविल




हॉस्पिटल मे दिन हो या रात यहा के डॉक्टर एवं कर्मचारी खुद को लेकर सुरक्षित नही है। पिछले दिनो एक मनचले युवक द्वारा यहा की महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया गया था,जिसके बाद सिविल हॉस्पिटल मे कार्यरत एक दर्जन से भी अधिक डॉक्टरएवं महिला कर्मचारीयों ने नवपदस्थ एस.डी.एम को ज्ञापन सौंपकर अपने लिए सुरक्षा की मांग की थी,परंतु यह भी एक सोचने वाला प्रश्न है कि एक सक्ष्म अधिकारी को लाईफलाईन कहे जाने वाले चिकित्सा क्षेत्र से जुडे लोग सुरक्षा की मांग करते है और उनके द्वारा अब तक डॉक्टरो की मांग पर दो सुरक्षा गार्ड मुहैया नही कराये जा सके। आगामी समय मे चुनाव नजदीक है,यदि शासन प्रशासन अपने ही नुमाईदो की सुरक्षा नही कर सकता है तो जनता के हित की बातें उनके दिल एवं दिमाग मे कहा तक है ये बात मतदाता जरूर सोच सकते है।।

**नशेडियों का दिनभर रहता जमावडा-:** सिविल हॉस्पिटल इन दिनो किसी सार्वजनिक सराय से कम नजर नही आता। दिन हो या रात यहा हर समय शराबी,जुआडी,नशेडी एवं मनचले युवक युवतियों का ठिकाना बने रहता है। शाम ढलते ही यहा आई.सी.यू के पास सुनी जगह मे मनचले युवक युवतियों को गप्पे हांकते आसानी से देखा जा सकता है,जबकि उनका सिविल हॉस्पिटल मे कोई कार्य नही है,उसके अलावा थोडी रात होते ही यहा अंधेरे का फायदा उठाकर नशेडी लोग अपना ठिकाना बना देते है। वही जब सुबह सिविल हॉस्पिटल की ओ.पी.डी या अन्य बडे हाल पर नजरे दौडायी जाये तो दो दर्जन से भी अधिक मुसाफिर सोते दिखायी देते है,ऐसे मे यहा सुरक्षा को लेकर सवाल उठना जायज है।

।**क्रोध मे धरती के भगवान-**:बार-बार अपनी सुरक्षा की मांग करने के बाद भी सुरक्षा मुहैया ना होता देख अब डॉक्टर एवं सिविल हॉस्पिटल के अन्य कर्मचारी क्रोध मे दिखने लगे है। उनका क्रोध अब इतना बढ चुका है कि वे यहा पहुंचने वाले आवारा किस्म के लोगो से खुद ही निपटने का मन बना रहे है,ऐसे मे यदि किसी नशेडी अपराधी किस्म के व्यक्ति से सिविल हॉस्पिटल के किसी भी डॉक्टर या कर्मचारी का पाला पडता है और नुकसान उन्हे उठाना पडता है तो इसकी समस्त जवाबदारी नगरीय प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन की भी होगी।।

--जिला कमांडेंट एवं एस.डी.एम राजस्व को पत्र व्यवहार कर सुरक्षा गार्ड की मांग की गयी है,सुरक्षा की दृष्टि से वैकल्पिक व्यवस्था मे वार्ड बॉयो को तैनात किया गया है।

डॉ जेम्स मिंज-ब्लाक चिकित्सा अधिकारी-पत्थलगांव

## समाचार संक्षेप

### सिविक एक्शन प्रोग्राम में भंडारे के साथ ग्रामीणों को सामग्री वितरित



**बीजापुर, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर ब्लाक के संबेदनशील क्षेत्र गंगालूर इलाके मे तैनात जी/85 बटालियन, सी0आर0पी0एफ0 द्वारा अपने परिचालनिक क्षेत्र मे सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत श्री जैकब वी तुसिंग कमाण्डेट 85 बटालियन के मार्गदर्शन मे जी/85 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा विशाल भण्डारे एंव सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया है जिसमे जरूरतमंद ग्रामवासियो को उपयोगी सामग्री जिसमे छाता, लूगी, साडी, बर्तन आदि के वितरण के साथ-साथ भोजन कराया गया जिसमे कि आसपास के सभी स्कूलो के विद्यार्थी जैसे कि बालक आश्रम गोगला, विशप स्कूल एंव आश्रम, तमडी स्कूल एंव आश्रम, पोटाकेबिन स्कूल, दीवानपारा स्कूल एंव आश्रम के स्कूली छात्र एंव उनके शिक्षक बडी संख्या मे आये। इसके साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गंगालूर, पुलिस थाना गंगालूर, बुरजी केम्प सी0आर0पी0एफ0 एवं गंगालूर तथा उसके आस-पास के ग्रामीण महिला-पुरूष एंव बच्चे भी विशाल भण्डारे तथा सिविक एक्शन प्रोग्राम के सहभागी बने। जिनकी संख्या लगभग-1500 थी। चूकि यह कैम्प नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे है और बच्चो तथा ग्रामीणो की इतनी अधिक संख्या मे आने से यहा प्रतीत होता है अव यहा की जनता माओवादीयो के आतंक से परेशान है और अपने अच्छे भविष्य के लिये सरकार के साथ मिलकर कार्य करना चाहती है इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे जी/85 के कम्पनी कमाण्डर श्री कासीराव श्रीराम सहायक कमाण्डेंट, वुरजी कैम्प के कमाण्डर श्री के0 भास्कर राव सहायक कमाण्डेंट, पुलिस थाना गंगालूर के प्रभारी सजय सिंह राजपूत, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गंगालूर के डा0 शिरीश, के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जवानो के बेहतर तालमेल से यह कार्यक्रम सफलापूर्वक किया गया।

### पंचायतों में आज से मेरी माटी मेरा देश अभियान



**बीजापुर, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आजादी के 75 वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में विगत दो वर्षों से अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा 卐मेरी माटी मेरा देश卐 अभियान के रूप में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम उन वीरों का सम्मान करने के लिए है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन वीरों के सम्मान में प्रदेश की सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्र कर, कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया जाना है। सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने बताया कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम किया जायेगा। जिले की ग्राम पंचायतों में एक शिलाफलकम(शिला-पट्टिका) की स्थापना की जाएगी, समारोह आयोजित किए जाएंगें। वीरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, देश की आजादी के लिए बलिदान हुए प्रत्येक वीरों के नामों की पट्टिका लगाया जायेगा। शिलाफलकम का लोकार्पण इस अवधि के मध्य किया जाएगा।

### इंडिया कैंप के लिए नक्सलगढ़ के खिलाड़ी हुए रवाना

**बीजापुर, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला खेल के क्षेत्र मे लगातार नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।ज्ञात हो की चाइना के पिंगटाऊं फुजैन सिटी में 29 अगस्त से लेकर 3 सितंबर तक आयोजित होने वाली अंडर 18 वूमेंस सॉफ्टबॉल एशिया कप चैंपियनशिप होना है जिसका फाइनल कैंप10 अगस्त से 16 अगस्त तक इंदौर के चिमनबाग स्टेडियम में होगा है जिसमें से देश भर के 16 खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम के लिए किया गया उक्त टीम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से बीजापुर जिले में संचालित बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी कुमारी रेणुका तेलम और विमला तेलम का चयन भारतीय टीम में हुआ है साथ ही हेड कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार को भारतीय सॉफ्टबॉल टीम के कोच की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है अब तक इनकी कोचिंग में 9 खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल में एवं 80 से 90 खिलाड़ी नेशनल लेवल में मेडल प्राप्त कर चुके हैं बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की उपलब्धि जिले के विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी जी जिला कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा , सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू एवं अकादमी के प्रभारी दिलीप उइके खिलाड़ियों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है।



### पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस




**बीजापुर, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है । जाबकार्ड धारी मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 221 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू है। जिससे मनरेगा के मजदूरी की राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के लिंक खाते में प्राप्त होगी। मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र,बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे। उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को देते हुए बैकिंग सेवाओं में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूक लाने रोजगार दिवस में अवगत कराया गया। सहायक परिजोजना अधिकारी नारायण बंजारा ने बताया कि प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है। वर्तमान में मनरेगा मजदूर दर 221 रुपए है।

### संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बीजापुर 9 अगस्त ।** बीजापुर स्थित खेल एकेडमी में संभाग स्तरीय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बस्तर संभाग के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने चयन प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों के 3-3 टीम बालक-बालिका का चयन, चयन समिति द्वारा की जाएगी। उक्त तीनों टीम में अंडर -14, अंडर -17 एवं अंडर -19 आयु समूह के टीम बालक एवं बालिका कुल 6 टीम में चयनित होंगे।

## एक नजर

### पोटा केबिन अनुदेशको के नियमितीकरण व वेतन वृद्धि सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के द्वारा संमग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2009/10 आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन संचालित किया गया था जिसमें 40 हजार छात्र छात्राओ को शिक्षा का मुख्यधारा से जोड़कर अध्यापन का कार्य अनुदेशकों के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाएं संचालित होती है वर्तमान में जिन संस्थाओं का शैक्षणिक परिणाम संतोषप्रद होने पर छत्तीसगढ़ शासन में पोटाकेबिन को हाई स्कूल में परिवर्तन किया गया एवं अनुदेशकों के द्वारा शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ प्रोयोगिता परीक्षा हेतु कोचिंग कक्षाएं खेलकूद योगा कंप्यूटर शिक्षा स्वास्थ्य देख रेख आदि के सेवाएं 24 घंटा संस्थाओं में निस्वार्थ रह कर सेवाएं करते हैं ग्रीष्मकालीन समय पर शालात्यागी के शिक्षा से वंचित बच्चों को अति संवेदनशील क्षेत्र में जाकर सर्वे कर संस्था में दाखिल किया जाता है उक्त कार्य के बदले में प्रतिमाह अनुदेशक को मात्र 10 हजार मासिक मानदेय मिलता है हम अनुदेशक पोटाकेबिन परिसर में रहकर सभी गतिविधियों को करते हैं जैसे स्वास्थ्य बच्चों की तबीयत खराब होने से अस्पताल ले जाना और शैक्षणिक कार्य एक एक अनुदेशक तीन से चार विषय लेकर पहली से आठवीं तक पढ़ाया जाता है और रात्रि विश्राम में भी बच्चों के साथ स्वास्थ्य संबंधी और भोजन कराना और रातों को एक घंटा टीचिंग कराना शिक्षा कर्मियों का हड़ताल होने पर अनुदेशकों को प्राथमिक शालाओं में ड्यूटी दिया जाता है और रात्रि को फिर वापस आवासीय पोटाकेबिन में आकर ड्यूटी करना पड़ता है करोना काल के समय में भी हमारी ड्यूटी दी गई थी मातूक अवकाश भी नहीं दिया गया।

हमें मौकिक रूप से कार्य कराया जाता है कोई आदेश भी नहीं दिया जाता है पार्ट टाइम की जानकारी दी जाती है रविवार को हम लोग को छुट्टी तक नहीं दिया जाता है माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि हम मांगे पूरी किया जाए और लिखित रूप से हम लोगो से डिप्टी कराया जाए पिउन और सभी कर्मचारियों का वेतन वृद्धि किया जाए मौके पर आधिशिक्षक दुलार सिंह शेरपा,मड़काम भीमा,रजनी पोटला, अंजली पाल, कमलेश नाग, शेख़ दाउद, चिलख नाग, हिलेश वेटटी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे

बैरिकेडिंग तोड़ नगर पंचायत परिसर के अंदर घुसे भाजपा कार्यकर्त्ता

# भाजपा ने नगर पंचायत गीदम का किया घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 9 अगस्त ।** मंगलवार को भाजपा द्वारा गीदम मण्डल के नेतृत्व में नगर पंचायत गीदम का घेराव किया गया । विगत कुछ दिन पूर्व भाजपा गीदम मण्डल द्वारा नगर की विभिन्न समस्याओ को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी पी ध्रुव एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था । भाजपा गीदम मण्डल ने वार्ड क्रमांक 12 में स्थित मटन मार्किट के व्यवस्थापन,सभी वार्डो में नालियों की सफाई सुनिश्चित करने,सड़क की सफाई करने,राजीव गाँधी आश्रित पट्टा पर विलम्ब,पार्क में स्ट्रीट लाइट नहीं होना,जिम में अव्यवस्था,स्ट्रीट लाइट का बंद रहना,पेयजल की नियमित समस्या,पेंशनरो को नियमित समय पर राशि न मिलने एवं प्रधानमंत्री आवास की राशि विलम्ब से मिलने जैसी नगर की प्रमुख समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौंपा था एवं उपरोक्त समस्याओ का निराकरण नहीं होने के कारण मंगलवार को भाजपा ने मण्डल गीदम के नेतृत्व में नगर पंचायत का घेराव किया । सुरक्षा के तहत मौजूद पुलिस के जवानो और भाजपा कार्यकर्ताओ के बीच झूमा झटकी भी हुई और नगर पंचायत अध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाजपाई कड़ी सुरक्षा और बैरिकेटिंग के बावजूद नगर पंचायत परिसर में घुसने में कामयाब हुए । इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी,मंडलो के पदाधिकारी,मोर्चा एवं प्रकोष्ठे के पदाधिकारी,प्रदेश पदाधिकारी व भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## छूरा ब्लाक में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल-बेहाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम (पांडुका ), 9 अगस्त।** आदिवासी विकास खंड छूरा में ऐसे तो हैरतअंगेज घटनाओं की भरमार है जहां जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी, बाबू और ग्राम पंचायत में बैठे सचिव सरपंच की मिलीभगत से कई ऐसे कारनामे होते ही रहते हैं जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता की,, कब कहां क्या हो जाय। ऐसा ही एक मामला इन दिनों छुरा विकासखंड के एक ग्राम पंचायत में देखने को मिल रहा है । साढ़े तीन साल पहले मृत 88 वर्षीय एक आदिवासी बुजुर्ग जिसकी मृत्यु लगभग 24 जनवरी 2020 में हो गई थी जिसे जीते जी प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला पर बेचारे गरीब को ग्राम पंचायत द्वारा मरने के बाद आवास दिया गया है सचिव साहब की महेरबानी ही है मरने के बाद भी उनका नाम नही काटा जिस कारण उसे मरने के बाद इस योजना का लाभ अभी मिल रहा है बता दें कि मृतक और उसकी पत्नी दोनों इस गांव में निवास करते थे और दोनों की मृत्यु हो चुकी हैं और उसके जो बाकी परिवार है वह दूसरे ग्राम पंचायत के एक आश्रित ग्राम में निवास करते हैं जबकि इनके राशन कार्ड की बात की जाए तो राशन कार्ड में मृतक और उसकी पत्नी का नाम है और किसी उतराधिकारी व्यक्ति का नाम नहीं है पर अब जब आवास निकला तो जियो टैगिंग करने वाले कर्मचारी ने आवास को मृतक के बेटा के नाम पर जियो टैगिंग किया है और उसके नाम से आई डी भी जनरेट कर दिया है और आवास का किश्त भी जारी हो रहा है तथा उसका आवास बन कर तैयार भी हो गए हैं पर इस पंचायत में कई ऐसे जरूरतमंद लोग हैं जिनके पास रहने को घर नहीं है और वे जिंदा लोग अपनी पारी आने का इंतजार कर रहे हैं तो किसके इशारे पर गरीबों को आवास का लाभ नहीं मिल रहा है और रसूखदारों का आवास बन गया है पर अपने कारनामों की वजह से सुर्खियों में रहने वाला इस ग्राम पंचायत का विवादों से गहरा नाता है वर्तमान सरपंच, सचिव और जनपद छुरा में बैठे आवास शाखा के कर्मचारी की मिलीभगत से मृतक का आवास उसके दूर के रिश्तेदार के घर बनाया जा रहा है जबकि ग्रामीणों की माने तो मृत व्यक्ति के नाम से कोई घर नही है उनके मरने के बाद उसके परिवार वालो ने उनका घर किसी दूसरे को बेच दिया था अब मृतक के कोई रिश्तेदार का भी आवास स्वीकृत हुआ है और दोनों आवासों को मिलाकर संयुक्त रूप से एक आवास बनाया जा रहा है ऐसे में देखना होगा कि अब जनपद पंचायत छूरा में बैठे सीओ साहब और जनता के चुने हुए प्रतिनिधि क्या कार्रवाई करेंगे या फिर ले देकर ठंडे बस्ते में इस मामले को डाल दिया जाएगा क्योंकि ग्राम जनपद पंचायत छूरा के कई ग्राम पंचायतों में प्रधान मंत्री आवास में गड़बड़झाला की कई मामले सामने आ रहे हैं कुछ लोग अपने पुराने घरों को नया बताकर आवास बना रहे है साथ ही किसी दूसरे का आवास किसी दूसरे नाम पर बन रहा है और आपसी सहमति से नियम विरुद्ध गंभीर कार्यो को अंजाम दे रहे हैं पर ऐसे मामलो में अधिकतर कार्रवाई नहीं होती और मोटी रकम लेकर मामला को दबा दिया जाता है जिससे जरूरतमंद को अपने अधिकार से वंचित होना पड़ता है। साथ ही कुछ माह पूर्व गला फाड़ फाड़ कर मोर आवास मोर अधिकार कहने वाले नेता भी अब चुप बैठ गए हैं जो गांव गांव जाकर ऐसे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने की बात करते थे ।वे अखबारों और सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरने उतरे थे अब उनका कोई अता पता नहीं मिल रहा है इस तरह जनपद पंचायत सहित सरपंच, सचिव के माध्यम से ऐसे भ्रष्टाचार का खेल सालो से चल रहा है और जब इसकी जानकारी मांगी जाती है। तो गुमराह करने का कोशिश करते हुए नियम विरुद्ध गलत जानकारी देकर बचना चाहते हैं।।

### बिजली विभाग के सुस्त रवैए से परेशान हैं किसान

**राजिम, 9 अगस्त।** लगातार ग्रामीण किसानों की शिकायत के बाद भी खार लाइन सुधार नहीं कर रहे विभाग जबकि अभी निंदाई चलाई का काम चल रहा है तो खेतों में खाद डालने है दवाईयां डालनी है पर पानी बगैर कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं किसान पानी बिना किसानी का काम अधूरा रुका हुआ है सबसे बड़ी बात यह है कि किसानों के द्वारा समय पर बिजली का बिल भुगतान किया जा रहा है और उन्हीं भुगतान से विभाग के कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक का वेतन भुगतान भी हो रहा है और जब लाइन दुरुस्त की बात आई आती है तो तरह-तरह की बहाना बनाकर पल्ला झाड़ रहे हैं जो कि ग्राम सिर्रीखुर्द के खार लाइन (11 के व्ही) पिछले 4 दिनों से बंद पड़ा हुआ है जिसको सप्लाई दुरुस्त करने के लिए किसानों के द्वारा लगातार फोन के माध्यम से टोल फ्री नंबर 1912 पर लगातार शिकायत करने के बावजूद विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि उन्हें अच्छे से पता है 11के व्ही लाइन सप्लाई बंद है।

## 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,9 अगस्त।** सरकारी राशन दुकान विक्रेताओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार से सुरु हुआ था जिसकी वजह से अब राशन सरकारी राशन वितरण पूरी तरह से बंद रहेगा। वही इससुकमा जिले छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के आव्हान पर सुकमा जिले के 170 सरकारी राशन दुकान संचालकों के द्वारा राशन दुकान में ताला बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से गरीबों को मिलने वाली सरकारी राशन मिलना पूरी तरह से बंद हो चुका है। वहीं बीजेपी सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम वारसे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे पीडीएस राशन विक्रेताओं के समर्थन में उतर गए हैं बारसे ने समर्थन देते हुए, 6 सूत्री मांगों को जायज बताया उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इनकी सभी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करें एवं प्रदेश में कांग्रेस सरकार जब से बनी है, केवल धरना प्रदर्शन करने में कर्मचारी लगे हुए हैं, प्रदेश में कामकाज पूरी तरह से प्रभावित है, इसका खामियाजा चाहे पीडीएस संध या कर्मचारि या आम लोगों को उठाना पड़ रहा है वही सुकमा बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष हूँगाराम ने काहा आने वाले समय में ऐसा ही हाल रहा तो प्रदेश कांग्रेस सरकार को जनता जरुर सबक सिखाएगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 15 सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब रही है तो ऐसे हड़ताल देखने को नहीं मिला। वही संघ के जिला सचिव नंदकिशोर नाग ने बताया कि राशन दुकान विक्रेताओं को 5 वर्ष से कमीशन की राशि का भुगतान नहीं हुआ है समय-समय पर शासन प्रशासन को हमारी समस्या को लेकर अवगत करा चुके हैं लेकिन हमारी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बारदाना में की समस्या है, जिसको लेकर भी हम कई बार शासन को अवगत करा चुके हैं, उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से ही कमीशन की राशि नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में गोलमोल जवाब दिया जाता है हमारी मांग है।

## पाण्डुका अंचल में हो रही कोटवारी सेवा भूमि की धड़ल्ले से बिक्री




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,9 अगस्त।** (राजिम)पांडुका तहसील कार्यालय छुरा के अंतर्गत उप तहसील पांडुका सहित आसपास के ग्राम पंचायतों में इन दिनों सेवा मद की भूमि जो कोटवारो को उनकी सेवा के बदले जीविकोपार्जन के लिए दिया गया था उन्हें गुपचुप तरीके से अपने नाम में रजिस्ट्री करवा लिया है अब उसे अलग-अलग हिस्सों में बेच रहे हैं वहीं कोटवारों की करोड़ों की जमीन को जमीन दलाल बहला फुसलाकर कौड़ी के दाम में खरीद कर उसे लाखों के दाम मे बेच रहे हैं और गरियाबंद में बैठे रजिस्टार ऑफिस के अधिकारी आंख मूंदकर इनकी इस जमीन को रजिस्ट्री भी कर दे रहे हैं। बता दें कि अंचल, सहित कई ग्राम पंचायतों में ऐसी शासकीय सेवा भूमि को बेचने का मामला सामने आया है जिसमें एक ग्राम पंचायत में पूर्व कोटवार ने तो अपनी सेवा भूमि की रजिस्ट्री भी करवा लिया था पर तहसील कार्यालय छूरा द्वारा उस पर रोक लगा दी गई है फिर यह मामला प्रकाश में आया, पटवारी ने नक्शा खसरा नही दिया है तो रजिस्ट्री कैसे हो गया ।कोटवार पटवारी से लेकर रजिस्टार और तहसील कार्यालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी बेधड़क इनको खरीदी बिक्री में सहयोग दे रहे हैं द्य जिस वजह से जमीन दलालों के चुंगल में फंसे सड़क किनारे के करोड़ों की जमीन कौड़ी के दाम में बेचा गया है इसके साथ ही शासकीय मद की भूमि भी अब महफूज नहीं है जरूरत है किसी बड़ी कार्रवाई की क्योंकि पाण्डुका अंचल में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार खूब फल फूल रहा है। बिना डायवर्सन के जमीन को लगभग 4 से 5 लाख डिसमिल में बेचा जा रहा है और ये जमीन दलाल सरकारी नौकरी वाले कर्मचारियों को व छोटे छोटे दुकानदारों को फसाते है ।और ये दलाल अच्छे से जानते की 1से 2 डिसमिल जमीन का रजिस्ट्री नही होता इसलिए खरीददार ग्राहक खोजकर उसे 4 से 5 लोगो को संयुक्त रूप रजिस्ट्री करवा देते है। उसके बाद खरीददार अपने अपने जमीनों को अलग करने इनके चक्कर काटते रहते है बाद में खरीदार इनके चक्कर में ना तो लोन ले पाते है। ना ही डायवर्सन करा पाते है ।

ऐसे करते है गुमराह ये दलाल और उनके चमचे पाण्डुका को तहसील और ब्लॉक बनने का झांसा देकर हजारों की जमीन को लाखो और करोड़ो में बेंच रहे है जबकि जितना जमीन की कीमत पाण्डुका में है उतना तो राजधानी रायपुर, राजिम, छुरा गरियाबंद में नही है। इन्ही कारणों से पाण्डुका में जमीन दलाल बहुत ही सक्रिय है जो कौड़ी की जमीन को बेचकर लाखो कमा कर मालामाल हो रहे हैं।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित

# इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया एनएमडीसी के नए लोगो का अनावरण




हैदराबाद, 9 अगस्त। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हाल ही में नई दिल्ली मेंअपने नए लोगो का अनावरण किया, जो ज़िम्मेदाराना खनन के लिए सीपीएसई के समर्पण की पुष्टि करता है।श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ने इस नए लोगो का अनावरण किया।इस अवसर पर इस्पात सचिव श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा एवं एनएमडीसी के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी भी मौजूद रहे। नया लोगो लगातार दो वित्तीय वर्षों में 40 मिलियन टन का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल करने के बाद कंपनी के भावी विस्तार एवं क्षमता को दर्शाता है। एनएमडीसी स्मार्ट खनन के लिए सशक्त डिजिटल योजनाओं के साथ, एनएमडीसी 2.0 में प्रवेश करते हुए अपनी प्रमुख विजुअल पहचान को नया आयाम दे रही है। इस अवसर पर श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा, ''आज एनडीसी के नए लोगो का अनावरण हुआ है, यह अवसर मुझे भारत की उल्लेखनीय यात्रा की याद दिलाता है, जब हमने आज़ादी के बाद आत्मनिर्भरता के प्रयास करते हुए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता कम कर रहे हैं। आज सही मायनों में भारत अपने खुद के विकास का ज़िम्मेदार हितधारक बन गया है। इस परिवर्तनकारी यात्रा के दौरान एनएमडीसी ने देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 40 मिलियन टन के वार्षिक उत्पादन के साथ भारत के लौह अयस्क उत्पादन में तकरीबन 16 फीसदी योगदान दिया है।' उन्होंने कहा, ''यह नया लोगो सिर्फ एक विजुअल बदलाव से कहीं बढ़कर है, इसमें भारत को स्थायित्व के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में एनएमडीसी की भूमिका का सार निहित है। प्रकृति के तत्वों को अपनाते हुए एनएमडीसी सद्भाव एवं ज़िम्मेदारीपूर्ण विश्व के सृजन के इए प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं एनएमडीसी की टीम को बधाई देना चाहता हूं। स्थायित्व को केंद्र बिंदु में रखकर ये प्रयास आने वाले वर्षों में कंपनी के भविष्य को एक नई राह देंगे।'' इस अवसर पर श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा, ''आज का दिन बेहद खास है क्योंकि एनएमडीसी ने अपने ओद्योगिक आकाक्षाओं के दायरे से आगे बढ़कर प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखते हुए एक बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है। अपने इस विकासशील दृष्टिकोण के साथ एनएमडीसी राष्ट्रीय इस्पात नीति 2030 के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही भारत के आर्थिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही है। स्थायित्व के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि 2017 से इसकी स्थायित्व रिपोर्ट्स के प्रकाशन से होती है, जिसे तय विनियमों से पहले ही शुरू कर दिया गया। मुझे विश्वास है कि एनएमडीसी भविष्य में भी पर्यावरण स्थायित्व, वृहद ईको-प्रणाली की भलाई की दिशा में अपने सजग प्रयासों को जारी रखेगा। इस प्रेरक पथ पर बढ़ने तथा हरित एवं अधिक महत्वाकांक्षी भविष्य हेतु नए मानक स्थापित करने के लिए एनएमडीसी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'' श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी ने एनएमडीसी की नई पहचान पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''हमारा यह नया लोगो एमएमडीसी के एनएमडीसी 2.0 दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति करता है। अपनी धरोहर के प्रति समर्पण बनाए रखते हुए हमने खनिजों के खनन चक्र में ब्लू कॉग को बरक़रार रखा है, जो पिछले दशकों में हमारी दृढता और हमारे द्वारा अर्जित किए गए भरोसे का प्रतीक है। हमारी धरोहर मजबूत है और हम इसे गर्व के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। लोगो के बीचों-बीच धरती को झुलाता एक हाथ दिखाई देगा, जो स्थायी एवं ज़िम्मेदाराना खनन और हमारी वैश्विक आकांक्षाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसी तरह जीवंत हरा रंग विकास, नवीनीकरण तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक है। भविष्य की ओर बढ़ते हुए हम अपने सभी हितधारक- हमारे उपभोक्ता, शेयरधारक, कर्मचारी, स्थानीय समुदाय, सरकार, समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेवार रहते हुए इस धरती को हरित एवं स्वच्छ बनाने का लक्ष्य तय किया है। एनएमडीसी का नया लोगो एनएमडीसी की पिछली उपलब्धियों, मौजूदा प्रतिबद्धताओं और भावी आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह नवाचार और स्थायित्व से प्रेरित कंपनी के सशक्त भविष्य की अभिव्यक्ति करता है।

## समाचार संक्षेप

### उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने की विकास कार्यो की समीक्षा



**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जिले में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही गांव में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना है इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समन्वय से कार्य करने की बात कही।उन्होंने जिले के विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मंशानुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने और जनहित में निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं उपयोगी बनाने के लिए रीपा के कार्यों को गति देने कहा। साथ ही इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवावर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर गौठानों और रीपा का निरीक्षण करने को कहा। बैठक में उन्होंने जिले में निर्माणाधीन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल भवन निर्माण आदि कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जिले में कुपोषण दर 8 प्रतिशत तक कम होने पर महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की सराहना की। साथ ही सभी आगनबाड़ियो में कार्यकर्ता सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को कहा।इस दौरान उन्होंने जिले में खाद-बीज, वर्मी खाद भण्डारण एवं उठाव का संज्ञान लिया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य की बैठक लेकर पीएम सम्मान निधि योजना हेतु ई-केवाईसी के लिए कृषकों को जागरूक करने को कहा। साथ ही पशुपालन विभाग अन्तर्गत पशु वितरण योजना की जानकारी ली। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पशु रोग संक्रामक रोग गलघोटू व एकटंगिया के के रोकथाम के लिए समय समय पर टीकाकरण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के साथ जिले में भी कंजक्टिवाइटिस के मरीज मिल रहे है। साथ ही इस समय डायरिया, मलेरिया आदि का खतरा अधिक होता है। इसलिए सभी कैंप, पोटाकेबिन आश्रम और छात्रावासों में दवाई उपलब्धता करने को कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले में हो रहे अच्छे कार्यों की सराहना की। समीक्षा बैठक मे जिला पंचायत, आदिवासी विकास, लोक निर्माण, कृषि, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे आम जनता को शुद्ध पेयजल मिल सके। बैठक में मंत्री श्री लखमा को देवगुड़ी निर्माण कार्य, सामुदायिक वन अधिकार पत्र और सड़क मार्ग निर्माण की प्रगति से अवगत कराया गया।

### बविप्रा के निर्माण कार्यों को जल्द करें पूर्ण:कलेक्टर



**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने जिले के सभी गौठानों में निर्धारित मात्रा में गोबर खरीदी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। इसके साथ ही नियमित रूप से खाद विक्रय, गौ मूत्र खरीदी तथा गौठानों में विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ करने कहा। उन्होंने बस्तर विकास प्राधिकार बैठक में स्वीकृत देवगुडी, सामाजिक भवन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। वहीं स्कूल योजना के तहत् किए गए सभी कार्य को नियमित रूप से पोर्टल में अद्यतन करने कहा।जिला कार्यालय के सभाक्षक में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने पीएम सम्मान निधि के किसानों का ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग सहित केसीसी के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को लाभांवित करने कहा। वहीं हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए उनसे संबंधित आय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए।बैठक में जिले के समस्त पीडीएस दुकानों में राशन भण्डारण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनएच 30 सहित मुख्य मार्ग से घुमंतू मवेशियों को काउ केचर से पकड़कर गौठानो, कांजी हाउस जैसे सुरक्षित स्थानों में छोड़ने का कार्य नियमित रुप करने कहा। जिले में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी,एवं पीडीएस भवन सहित अन्य भवनों के कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आजादी का अमृत महोत्सव''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश की स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन कार्यक्रम ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के रूप में मनाया जाना है। यह कार्यक्रम उन वीरों का सम्मान करने के लिए है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। इन वीरों के सम्मान में प्रदेश की सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्र कर कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया जाना है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के सफल आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने समय सीमा के बैठक में दिए। उन्होंने बताया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन हेतु भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार मनरेगा से स्वीकृति एवं ग्राम पंचायत स्तर, जनपद स्तर, ग्रामीण स्तर पर मिट्टी को एकत्रित करना, पंचायत स्तर से कलशों को जनपद पंचायत स्तर तक लाना, उपरोक्त सारे कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत के चिन्हांकित स्थलों के पास किया जायेगा। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाएगा। साथ ही शिलापलकम (शिला पट्टिका) में लेखन हिन्दी भाषा में तैयार किया जायेगा। आगामी 9 से 15 अगस्त के बीच में स्कूल एवं कॉलेजों में मिट्टी शपथ कराने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी।

### कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया बीमा रथ को रवाना

**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरीश एस. ने जिला कार्यालय परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यह रथ जिले के प्रत्येक गांव में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा की जानकारी देगी। इसके साथ ही वर्ष 2023-24 में विभिन्न फसलों के बीमा के लिए किसानों को प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री आरपी बघेल, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री हितेश नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





# अधिकारों व सतत् आजीविका के अवसरों से आदिवासी सशक्तीकरण में अग्रणी छत्तीसगढ़

## ऐतिहासिक निर्णय

**101 लाख एकड़** वनभूमि पर **5 लाख** व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार पट्टों का वितरण

**4,200 एकड़** अधिग्रहित कृषि भूमि आदिवासी किसानों को वापस




## वनाश्रितों की आजीविका सुनिश्चित

- तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक बढ़ाकर **4,000 रुपये** प्रति मानक बोरा
- सरकार द्वारा **67 लघु वनोपजों** की समर्थन मूल्य पर खरीदी

## बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर

- बस्तर क्षेत्र में नक्सल हिंसा की वजह से बंद हुए 314 स्कूल पुनः संचालित
- आदिवासी क्षेत्रों में **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों** से सुदृढ़ हो रही शिक्षा

## दुर्गम क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

- मोबाइल क्लीनिकों द्वारा **1.16 करोड़ लोगों** का निःशुल्क उपचार
- पोषित भोजन से **4.5 लाख बच्चों और महिलाओं** ने दी कुपोषण को मात

## आदिवासी अधिकारों की रक्षा

- समीक्षा कमेटी की अनुशंसा के बाद **1,357 आदिवासी** रिहा, **778** के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस
- पेसा कानून के नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन से अनुसूचित क्षेत्रों में जल-जंगल-जमीन के फैसलों में ग्राम सभाओं के अधिकारों को मिली मजबूती

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./38004/19

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23